।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक

RNI No. MPHIN /2004 /13927

वर्ष - 21 अंक - 241

नर्मदापुरम

शनिवार, 14 जून 2025

● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया

Website : www.amritdarshan.com




## नेतन्याहू ने पीएम मोदी सहित वैश्विक नेताओं से की बात, भारत ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य देशों के नेताओं से बातचीत की। यह जानकारी नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में दी गई। यह ईरान पर हवाई हमलों को लेकर नेतन्याहू की अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की कूटनीति मानी जा रही है।



नेतन्याहू ने बीती रात से जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई विश्व नेताओं से बातचीत की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक संक्षिप्त बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि नेतन्याहू जल्द ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से भी बातचीत करेंगे। बयान के मुताबिक, इन नेताओं ने ईरान की ओर से मिल रही धमकियों के बीच इस्राइल की सुरक्षा जरूरतों को समझा। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह आने वाले दिनों में भी इन नेताओं के संपर्क में रहेंगे। भारत सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह ईरान और इस्राइल के बीच हालिया तनाव को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है और स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। नई दिल्ली ने दोनों देशों से तनाव बढ़ाने वाले कदमों से बचने की अपील की है। इससे पहले, इस्राइल रक्षा बल ने बताया कि उसने ईरान में एक सटीक और पहले से तय हमला किया है। आईडीएफ के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डैफरीन ने कहा कि यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नुकसान पहुंचाने और इस्राइल के खिलाफ ईरानी शासन की लगातार आक्रामक गतिविधियों के जवाब में किया गया है। यह हमला ईरान की ओर से बढ़ती धमकियों और हमलों को रोकने के लिए एक जरूरी और सुरक्षात्मक कदम था।

आपको बताते चलें कि इस्राइल ने दुनियाभर में अपने दूतावास बंद कर दिए हैं। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा, ईरानी शासन वर्षों से इस्राइल को मिटाने की बात करता आया है और इसके लिए ठोस सैन्य योजनाएं बनाता रहा है। पिछले कुछ महीनों में मिले खुफिया जानकारी से पता चला है कि ईरान पहले से कहीं अधिक परमाणु हथियार हासिल करने के करीब है। इसी को देखते हुए आज सुबह, आईडीएफ ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर सटीक और पहले से तय हमले शुरू किए, ताकि ईरानी शासन को निकट भविष्य में परमाणु बम बनाने से रोका जा सके।

### एयर स्ट्राइक में 78 की मौत, 329 घायल, 6 परमाणु वैज्ञानिक और 4 मिलिट्री कमांडर मारे गए

# इजराइल ने ईरान के कई एटमी ठिकाने किए तबाह

## 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के 100 प्रमुख स्थानों को बनाया निशाना

**तेहरान/तेल अवीव ■ एजेंसी**

इजराइल ने शुक्रवार सुबह 200 फाइटर जेट्स से ईरान के 6 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 78 लोग मारे गए और 329 घायल हो गए। मरने वालों में ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक और टॉप 4 मिलिट्री कमांडर समेत 20 सैन्य अफसर हैं।

**इस्राइल ने दुनियाभर में बंद किए दूतावास**

इजराइली हमले के जवाब में ईरान ने दोपहर में पलटवार किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी से फोन पर बात कर मिडिल ईस्ट के हालात की जानकारी दी। नेतन्याहू जल्द ट्रम्प और पुतिन से बात करेंगे। इससे पहले आज सुबह इजराइल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं।

### ईरान के कमांडर की मौत

ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गई है। अल-जजीरा के मुताबिक हमले में ईरान के दो प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद मेहदी तेहरांची और फरदून अब्बासी भी मारे गए हैं। इजराइल ने यह दावा किया है कि हमले में ईरान के आर्मी चीफ मोहम्मद बाघेरी, सेना के अन्य बड़े अधिकारी और कुछ वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। इस बीच, ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामनेई ने कहा कि हमारी सेना इजराइल को सजा दिए बिना नहीं जाने देगी।

### ईरान ने इजरायल और अमेरिका को दी धमकी, 'चुकानी पड़ेगी भारी कीमत'



ईरान। शुक्रवार सुबह इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान पर बड़ा हमला कर दिया। इस हमले के दौरान इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को निशाना बनाया है और इस हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी के मारे जाने की खबर सामने आई है। इस हमले के बाद ईरान ने कहा कि इजरायल और अमेरिका को इजरायली हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अबोलफजल शेखरची ने सरकारी टीवी से कहा कि शुक्रवार को ईरान पर इजरायली हमले के बाद अमेरिका और इजरायल को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहीं, हमले के बाद इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने हमले की पुष्टि की और इजरायल के एक रक्षा अधिकारी ने दावा करते हुए कहा है कि इस हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी और एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक की भी मौत हुई है।


### ईरानी विदेश मंत्री बोले- इजराइल ने सारी हदें पार की, बहुत पछताएगा

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को लेटर लिखकर इजरायली हमले को युद्ध का ऐलान करार दिया। उन्होंने कहा कि इजराइल ने सारी हदें पार कर दी है। इजराइल इस पर गलती पर बहुत पछताएगा।

### इजराइली हमले में ईरान के 78 लोगों की मौत

ईरान के सूत्रों के मुताबिक, हवाई हमलों में 78 लोग मारे गए हैं और 329 घायल हुए। इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बगदाद के विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। शिकायत में इराक ने कहा है कि ईरान पर बड़े हमले के दौरान इजराइल ने उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इराकी मंत्रालय ने इसे इराक की संप्रभुता का गंभीर उल्लंघन बताया है और सुरक्षा परिषद से अपील की कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और आगे ऐसी घटनाओं को दोहराए जाने से रोके।

### इस्राइल पर ईरान का पलटवार, 100 से अधिक ड्रोन से किया अटैक



यरुशलम/तेहरान। पश्चिम एशिया में युद्ध जैसे हालात बन चुके हैं। इजरायल द्वारा शुक्रवार सुबह तेहरान पर किए गए सैन्य हमले के बाद ईरान ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की है। ईरान ने इजरायल पर 100 से अधिक ड्रोन दागे हैं, जिसकी पुष्टि खुद इजरायली सेनाने की है। इस्राइल ने सभी ड्रोन गिरने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं।

### रिवोल्यूशनरी गार्ड सहित 17 कमांडर प्रमुख भी मारे गए



इस्राइल के हमले में ईरान के तीन शीर्ष सैन्य कमांडर भी मारे गए हैं। इनमें ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, सबसे ताकतवर अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के प्रमुख हुसैन सलामी और रिवोल्यूशनरी गार्ड के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली हाजीजादेह शामिल हैं। इसके अलावा भी ईरानी सुरक्षा बलों के कम से 17 वरिष्ठ कमांडर मारे गए हैं। ईरान ने तीनों शीर्ष सैन्य प्रमुखों के मारे जाने की पुष्टि भी कर दी है और उनकी जगह पर नए अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी है।

#### ईरान के परमाणु कार्यक्रम को झटका

इस्राइल के हमले में कम से कम छह परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं, इनमें अब्दुल हमीद मिनोउचहर, अहमदरजा जोल्फाघारी, सैयद अमीरहोसेन फेक्ही, मोत्लाबीजादेह, मोहम्मद मेहदी तहरेनची और फेरेदून अब्बासी शामिल हैं। यह सभी नतांज और परमाणु कार्यक्रम के विशेषज्ञ थे। इनमें कोई सेंट्रीफ्यूज एक्सपर्ट, कोई रिएक्टर डिजाइनर था। इनकी मौत ईरान के परमाणु कार्यक्रम के लिए बड़ा झटका है। इससे ईरान का परमाणु बनाने का सपना भी बहुत पीछे चला गया है।

## ग्वालियर में दो मंजिला मकान की दीवार गिरी-मलबे में दबने से 3 लोगों की मौत


**ग्वालियर।** ग्वालियर में शुक्रवार शाम को तेज आंधी-बारिश के दौरान एक मकान की दीवार गिर गई। जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, मकान मालिक सहित 2 लोग हैं। घटना सोमवार शाम शंकरपुर इलाके की है। दरअसल, भावपुर थाना क्षेत्र स्थित शंकरपुर में महेंद्र सिंह इंगले का मकान है। पास में ही उनका एक प्लॉट है। उस पर टीन शेड है। शाम को ग्वालियर में तेज आंधी और बारिश हुई। इसी दौरान महेंद्र के दो मंजिला मकान की दीवार टीन शेड पर ढह गई। हादसे के समय नीचे महेंद्र के साथ 5 लोग और बैठे थे। ये सभी दीवार के मलबे में दब गए। घटना का पता चलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू किया और सभी को अस्पताल पहुंचाया।

## अंतर्मना उवाच

***रोग और आग को कभी छोटा ना समझें.. अन्यथा अनर्थ होने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा..!***

*आज हर व्यक्ति रोग और मौत से भयभीत होकर जीवन जी रहा है। फिर वो बीमारी अपनी हो या अपने परिजनों की हो या मित्र की हो -- **स्वास्थ्य को लेकर सब चिंतित और परेशान है।** हम जितना बचें बीमारियों से, उतना ही बेहतर है। **हमेशा सावधान रहें अपनी लापरवाही और स्वयं की बेपरवाह से,** क्योंकि-*

- *बीमार होना सरल है पर ठीक होना बहुत कठिन है।*
- *मरना सरल है लेकिन मर मर कर जीना या बीमार होकर जीना बहुत कठिन है।*



दिगम्बर जैन मंदिर, प्रीतमपुरा, दिल्ली में प्रतिदिन की भांति धूप, भीषण गर्मी में जाप-तप-सामायिक साधना करते तपोशिरोमणि अंतर्मना गुरुदेव आचार्य श्री 108 प्रसन्नसागर जी महाराज

***हम जानते हैं*** *- इस दुनिया में ऐसा कोई भी नहीं है, जो पूर्णतया रोगों से मुक्त हो, बीमार होने की अनेकानेक वजह हो सकती है। **बीमारियां छोटी बड़ी नहीं होती है, बीमारी तो बीमारी होती है।** यदि हम बीमार पड़ते हैं तो फिर वो कोई भी बीमारी हो, सबसे पहले हम उसे स्वीकार करें और उपचार की बुनियादों से अपनी वर्तमान स्थिति को संभाले,, क्योंकि मानव शरीर अति संवेदनशील है। इस पर हर तरह की बातों का असर होता है। **अगर हमारे शरीर के साथ कुछ गलत होता है, तो यह रोग दो गुना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है।***

***ध्यान रखें*** *- कभी भी अपनी बीमारी को सबसे शेयर ना करें, उनसे शेयर करें जिनके पास आपकी बीमारी का इलाज हो, समाधान हो। अन्यथः **लोग सामने दुःख जतायेंगे और आपकी पीठ पीछे लड्डू खिलायेंगे...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

### पीएम ने दुर्घटनास्थल का दौरा कर बचाव कार्यों में जुटी टीमों से की चर्चा

# दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद, हादसे का अब खुलेगा राज




**अहमदाबाद ■ एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद में हुई दुखद विमान दुर्घटना में अनेक लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हम उनके इस असहनीय दुःख और क्षति को भली-भांति समझते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आज प्रातः अहमदाबाद स्थित दुर्घटनास्थल का दौरा कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राहत और आपातकालीन सेवाओं में जुटे अधिकारियों एवं कर्मियों से भी भेंट कर स्थिति की जानकारी प्राप्त की। अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना से पूरा देश आहत है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों की आकस्मिक और पीड़ादायक मृत्यु अत्यंत दुःखद है। शोक-संतप्त सभी परिवारों के प्रति मेरी गहन संवेदनाएं। हम उनके दुःख को महसूस करते हैं और समझते हैं कि इस खालीपन को वर्षों तक महसूस किया जाएगा। ॐ शांति।

आज अहमदाबाद में विमान दुर्घटनास्थल का दौरा किया। वहां का दृश्य अत्यंत हृदयविदारक था। निरंतर रूप से राहत एवं बचाव कार्य में जुटे अधिकारियों और टीमों से भेंट की। हमारी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोया है।

अहमदाबाद में एअर इंडिया की फ्लाइट हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था। यह ब्लैक बॉक्स कथित तौर पर डॉक्टरों के छात्रावास की छत पर पाया गया था, जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था।

### पीएम मोदी ने की रमेश विश्वास से मुलाकात



इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में रमेश विश्वास से मुलाकात की। पीएम नरेंद्र मोदी ने रमेश विश्वास का हाल जाना। इस दौरान रमेश विश्वास ने हमले की पूरी कहानी पीएम मोदी को बताई। इससे पहले पीएम मोदी ने विमान हादसे की जगह पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों और अधिकारियों से गुरुवार को हुए दर्दनाक हादसे की जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री बोले- प्रदेश की संस्कृति को वैश्विक मंच मिलेगा

# मप्र का फ्रांस के साथ एमओयू, सीएम से मिले राजदूत, टूरिस्ट स्पॉट भी देखे

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मध्यप्रदेश और फ्रांस के बीच संस्कृति-पर्यटन क्षेत्र में शुक्रवार को त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, पर्यटन और संस्कृति के प्रमुख सचिव शिवशेखर शुक्ला और अलायंस फ्रांसेज डी. भोपाल के अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता अगले 3 साल के लिए वैध होगा और आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

अब यह मप्र को भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र बनाएगा। सीएम ने कहा कि भारत और फ्रांस के साथ संबंध हमेशा से अच्छे रहे हैं। मध्यप्रदेश फ्रांस के साथ सांस्कृतिक संबंधों के साथ व्यापारिक संबंधों के लिए भी तत्पर है। उनकी आगामी माह फ्रांस यात्रा प्रस्तावित है। भारत और फ्रांस के बीच औद्योगिक विकास की दृष्टि से, उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और शिल्प कलाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से परस्पर सहयोग की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को न केवल देश की सांस्कृतिक राजधानी बल्कि एक प्रगतिशील, वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी दूरदृष्टि को साकार करता है। इससे प्रदेश के कलाकारों को वैश्विक मंच मिलेगा और फ्रांस तथा यूरोप से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। एमओयू के तहत प्रमुख रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन किया जाएगा। जिसमें कला उत्सव, संगीत, नृत्य प्रदर्शनियां, फिल्म स्क्रीनिंग, खान-पान और अन्य संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम शामिल हैं। प्रतिवर्ष एक समर्पित इंडो-फ्रेंच सांस्कृतिक कैलेंडर तैयार किया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की पर्यटन प्रचार सामग्री का फ्रेंच भाषा में अनुवाद किया जाएगा और फ्रांसीसी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन क्षेत्र के अधिकारियों और गाइड्स को फ्रेंच भाषा एवं संस्कृति का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। यह समझौता प्रदेश की सांस्कृतिक कूटनीति को बल देगा और स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों, छात्रों तथा सांस्कृतिक संगठनों को वैश्विक मंच प्रदान करेगा, जिससे मध्यप्रदेश की विशिष्ट पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होगी। प्रमुख सचिव उद्योग राघवेंद्र कुमार सिंह, फ्रांस के कौंसुल जनरल जीन मार्क सेरे शार्ले, फ्रांसीसी दूतावास के राजनीतिक परामर्शदाता शाद जॉयनाल आबेदीन और अलायंस फ्रांसेज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### राजदूत ने कहा-नए अवसर खुलेंगे

भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. मथौ ने इस साझेदारी पर कहा कि हमें मध्यप्रदेश सरकार के साथ इस महत्वपूर्ण सहयोग को स्थापित करते हुए खुशी हो रही है। फ्रांस मुख्य रूप से पर्यटन, सुरक्षा, पर्यावरण और शिक्षा पर विशेष रूप से कार्य करता है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक कूटनीति को और मजबूत करेगा। जिससे कला, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

### *पचमढ़ी प्रशिक्षण वर्ग में तीनों दिन रहेंगे सीएम, 16 को रक्षा मंत्री करेंगे समापन*

# *भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से पचमढ़ी में, शाह करेंगे शुभारंभ*

***भोपाल ■ प्रतिनिधि***

*पचमढ़ी में भारतीय जनता पार्टी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इसका उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल दोपहर 3 बजे करेंगे, जबकि समापन 16 जून को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।*

*प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बताया कि यह पार्टी का नियमित प्रशिक्षण शिविर है, जिसमें सांसद, विधायक, मंत्री और संगठन के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे।*



*कुल करीब 201 प्रतिनिधि इस शिविर में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मप्र सरकार के सभी मंत्री पूरे समय मौजूद रहेंगे।*

*उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ ही केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सीआर पाटिल, शिवराज सिंह चौहान, सावित्री ठाकुर, डीडी उईके और एल मुरुगन सहित सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, महेन्द्र सिंह और शिवप्रकाश भी विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन देंगे।*

*वीडी शर्मा ने बताया- इस वर्ग में सभी सांसद विधायक एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे। वर्ग में सैद्धांतिक, व्यावहारिक, कई विषयों पर सत्र होंगे। भाजपा किस तरह से देश में काम कर रही है।*

#### *उद्घाटन सत्र में अमित शाह बताएंगे जनसंघ से बीजेपी तक की विकास यात्रा*

*13 जून की रात तक सभी प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद और मंत्री पचमढ़ी पहुंच जाएंगे। उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा के बारे में व्याख्यान देंगे। अमित शाह के साथ मंच पर सीएम डॉ मोहन यादव और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे।*

### राज्य स्तरीय पर्यावरण कार्यशाला में लिया 1 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य

**भोपाल।** भोपाल के रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय शहरी पर्यावरण पर कार्यशाला शुरू हुई। सबसे पहले अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के तहत प्रदेशभर में 1 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य समेत सिटी इन द गार्डन जैसी कई मुहिमों पर चर्चा हुई। दरअसल, कार्यक्रम की थीम मानसून के आगमन और शहरी हरियाली को लेकर है। कार्यशाला में प्रदेश भर के नगरीय प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग के अधिकारी, मास्टर ट्रेनर, सीएमओ, कमिश्नर, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं, NGO प्रतिनिधि, नर्सरी संचालक, पर्यटन विभाग, मेट्रो प्राधिकरण और अन्य संगठनों से लगभग 2000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।






**खंडवा।** मध्य प्रदेश शासन तकनीकी शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में महात्मा ज्योति राव फुले शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, खंडवा में गुरूवार को दिशा पहल के अंतर्गत, आगा खान ग्रामीण सहायता प्रकल्प के द्वारा यूथ स्किल डेवलपमेंट और एम्पलाईबिलिटी बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रोग्राम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सोशल, इमोशनल, फिजिकल, मेंटल और इंटेलेक्चुअल उन्नयन अर्थात सर्वांगीण विकास के लिए किया जाना है। कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य श्री अपूर्व साकल्ले ने दिशा पहल के बारे में बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कौशल निवेश और बुनियादी ढांचे के उपयोग को सुव्यवस्थित और अनुकूलित कर कौशल विकास परिणामों को बढ़ाना तथा इसमें सरकारी एजेंसियों, निजी निवेशकों और संबंधित संस्थानों के बीच एक सहयोगी परिस्थितिकी तंत्र बनाना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिए मार्गदर्शन दिया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं।

# मौसम बिगड़ा और बत्ती गुल, बिजली कंपनी के दावे फेल, आज भी अंधेरे में डूबे कई क्षेत्र

इंदौर ■ निसं

इंदौर में गुरुवार को चली आंधी के बाद शुक्रवार को भी कई क्षेत्रों में बत्ती गुल रही। कम स्टाफ और संसाधनों से जूझते बिजली विभाग के पास एक दिन की बारिश से निपटने के भी इंतजाम नहीं है। गुरुवार से अंधेरे में डूबे शहर में यह सवाल उठ रहे हैं कि तेजा बारिश होने और मानसून आने पर क्या होगा।

**आज भी कई क्षेत्रों में बत्ती गुल:** इंदौर में गुरुवार को शाम को मौसम बिगड़ा और तूफानी हवा, तेज बारिश से शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था



ठप्प हो गई। कई क्षेत्रों में तो 8 घंटे तक बिजली नहीं रही। बंगाली चौराहे, से लेकर विजय नगर तक के कई क्षेत्रों में लोग अंधेरे में डूबे रहे। शुक्रवार को भी लगभग यही हाल रहे और शहर के कई क्षेत्रों में दो से 4 घंटे तक बिजली नहीं रही। पलासिया, बंगाली, विजय नगर, अन्नपूर्णा समेत कई जगह आज भी बार बार बिजली गई। गुरुवार को आई आंधी से शहर के 11 केवी के कुल 560 फीडरों में से 60 फीडरों की आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई और शुक्रवार तक यह समस्या चलती रही।

**600 कर्मचारियों को फील्ड में तैनात किया:** इंजीनियर और कर्मचारियों ने इस जोखिम भरे कार्य को दो घंटे से कम समय में पूर्ण कर अधिकांश स्थानों से पेड़ हटाकर, अन्य जरूरी कार्य कर आपूर्ति सामान्य की।

### पेड़ों के गिरने से बढ़ी समस्या

शहर अधीक्षण यंत्री डीके गाठे ने कहा कि मप्र विद्युत वितरण कंपनी ने मौसम बिगड़ने के दौरान उपभोक्ताओं से धैर्य बनाए रखने एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर जोन, कॉल सेंटर के नंबरों पर संपर्क करने का निवेदन किया है। शहर के पांचों डिविजनों से संबंधित निम्न दाब एवं उच्च दाब टीमों ने मोर्चा संभाला और कम समय में आपूर्ति व्यवस्था सामान्य करने के प्रयास प्रारंभ किए। इसी कारण गुरुवार को शाम छः बजे तक प्रभावित 60 फीडरों में से 42 फीडर सामान्य कर लिए गए। शेष 18 फीडरों पर कार्य चल रहा है, यह कार्य भी जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। शहर के अधीक्षण यंत्री ने बताया कि करीब 12 स्थान पर लाइनों, ट्रांसफार्मरों पर पेड़ की बड़ी डाली या पूरा पेड़ गिरने से व्यवस्थाएं प्रभावित हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### आज से अंडर 17 फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**सिवनी मालवा** ।नगर के टैगोर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया गया है । उक्त जानकारी आयोजक भाजपा नेता विक्रम



सूर्यवंशी ने देते ही बताया कि नगर में पहली बार अंडर 17 फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जो की 14 जून शनिवार को समय 4:00 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें पहला मैच महिला वर्ग की टीम द्वारा महिला मैत्री मैच कार्यक्रम के शुभारंभ में खिलाया जाएगा ।जिसमें जिले की टीम में हिस्सा लेगी दो दिवसीय कार्यक्रम 14 तारीख को प्रारंभ होकर 15 तारीख शाम 5:00 बजे इसका समापन होगा ।

### मत्स्याखेट या मत्स्य परिवहन 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**खण्डवा ।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि की दृष्टि से उन्हें संरक्षण देने हेतु मध्य प्रदेश के सभी जल संसाधनों में म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग के अंतर्गत प्रतिवर्ष 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। क्षेत्रीय प्रबंधक म.प्र. मत्स्य महासंघ मर्यादित इंदिरा सागर जलाशय नर्मदानगर के आशीष उपाध्याय ने बताया कि म.प्र. मत्स्य महासंघ के अधीन इंदिरासागर, ओंकारेश्वर, मान एवं माही जलाशयों में भी उक्त अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय-विक्रय, मत्स्य विनिमय अथवा मत्स्य परिवहन करना निषेध होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक उपाध्याय ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवधि में इंदिरासागर, ओंकारेश्वर, मान एवं माही जलाशयों में किसी प्रकार का मत्स्याखेट या मत्स्य परिवहन न तो स्वयं करे और न ही अन्य को इस कार्य में सहयोग दें।

### सहकारी बैंक के प्रबंधक राजेन्द्र आचार्य की सेवाएं समाप्त की गयी

**खरगोन।** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने गत 27 मार्च 2025 को सहकारिता विभाग की गबन धोखा धडी की बैंठक में जिले की सहकारी समितियों में की गई आर्थिक अनियमितता के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की थी। इस दौरान जिला सहकारी बैंक खरगोन के राजेन्द्र आचार्य द्वारा किये गए गबन के मामले में तुरंत जॉच करने तथा दो माह के भीतर उनकी सेवा समाप्ति का अंतिम ऑर्डर जारी करने के निर्देश बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल दिए गए थे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए धनवाल ने बताया कि राजेन्द्र आचार्य ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन में प्रभारी प्रबंध संचालक के रूप पदस्थगी के दौरान गंभीर प्रषासनिक एवं गंभीर आर्थिक अनियमितताएं की गयी थी।

### मकान मालिक का बड़ा खुलासा

# सोनम इस फ्लैट में छुपी थी, राज कुशवाह नहीं इस व्यक्ति ने की बुकिंग

इंदौर ■ निसं

राजा रघुवंशी की हत्या के बाद पुलिस ने सोनम रघुवंशी, राज कुशवाह और तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। राजा की हत्या के बाद सोनम देवास के एक फ्लैट में छुपी थी। यह फ्लैट विशाल सिंह चौहान ने बुक किया था। फ्लैट के मालिक शिलोम जेम्स ने बताया कि 29 या 30 मई की रात थी। विशाल सिंह चौहान यहां पर फ्लैट देखने के लिए आया था। उसने मुझे कहा कि मेरा मकान मालिक से विवाद हो गया है, मुझे तुरंत एक फ्लैट चाहिए। मकान मालिक ने बताया कि हमने एग्रीमेंट और वेरिफिकेशन के बाद उसे फ्लैट दे दिया। हमने तीन महीने का किराया लिया, आधार कार्ड और फोटो लिए। गौरतलब है कि सोनम 25 मई से 8 जून तक इंदौर में रुकी थी। इस दौरान वह एक होटल में और इस फ्लैट में ठहरी थी।

**विशाल के साथ एक लड़का और था:** मकान मालिक ने बताया कि विशाल सिंह चौहान के साथ एक और लड़का था। दोनों दो पहिया गाड़ी से आए थे। यह सब फ्लैट जी वन में ठहरे थे। मकान मालिक ने कहा कि हमारे पास उनका पुलिस वेरिफिकेशन है, एग्रीमेंट भी है। विशाल ने



### अभी तक पुलिस को क्यों नहीं दी जानकारी

जब मकान मालिक से पूछा गया कि अभी तक आपने पुलिस को इस बात की जानकारी क्यों नहीं दी तो उसने कहा कि वह कुछ दिन के लिए बाहर गया था। विशाल का चेहरा भी उसे ठीक से पहचान नहीं आ पा रहा था क्योंकि वह उसे सिर्फ एक बार ही मिला था। मकान मालिक ने बताया कि बिल्डिंग नई बन रही है और सिर्फ एक ही फ्लैट तैयार था जिसे विशाल को दिया गया था। विशाल ने तीन महीने का रेंट 16 हजार रुपए दिया था। दो महीने का डिपाजिट और एक महीने का रनिंग।

अपना ही आधार कार्ड दिया था। विशाल ने फ्लैट लेने के बाद कहा था कि मेरे भाई और बहन इस फ्लैट में रहने आएंगे। कभी कभी मम्मी पापा भी आएंगे। विशाल ने बताया था कि वह फर्नीचर का काम करता है। फ्लैट मालिक ने कहा कि हम पुलिस को पूरा सहयोग करेंगे। हमारे पास पूरे दस्तावेज हैं।

**क्राइम ब्रांच की टीम भी पहुंची:** राज ने क्राइम ब्रांच और शिलॉन्ग पुलिस के सामने कहा था, सोनम देवास नाके पर कार शोरूम के पास जिस होटल में फर्नीचर का काम चल रहा था, वहां ठहरी थी। क्राइम ब्रांच टीम इस बात की पुष्टि करने मौके पर पहुंची थी। पहले टीम डॉमिनोज के पास स्थित होटल में पहुंची। यहां 26 मई की रात विशाल और अंजलि नाम के कपल के रुकने की जानकारी सामने आई। दोनों ने अपना पता गोविंद नगर लिखवाया था। दोनों रात 2 बजे होटल पहुंचे और करीब 4 घंटे बाद वहां से चले गए। रजिस्टर में भी आधार कार्ड की एंट्री मिली। वहीं जो मोबाइल नंबर लिखाया था, वह गलत निकला। लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई कि यहां अंजलि नाम से रुकने वाली युवती सोनम ही थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने उस होटल का भी पता लगाया जहां फर्नीचर बन रहा था। हालांकि राज शिलॉन्ग पुलिस को उस होटल का नाम नहीं बता पाया था।

### सोनम से रिश्ता खत्म कर गोविंद ने किया जीजा का पिंडदान

राजा के मोक्ष के लिए बड़े भाई विपिन रघुवंशी और भतीजे विधान ने सिद्धवट पर नारायण बलि का पूजन अर्चन कर पिंड बनाकर उनका पूजन किया। इस दौरान सोनम का भाई भी साथ-साथ रहा। उसने राजा की मोक्ष की कामना को लेकर तर्पण किया और पूरे समय परिवार के साथ ही दिखाई दिया। इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शिलांग पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। वहीं राजा रघुवंशी के परिजन अपने बेटे के मोक्ष की कामना को लेकर धार्मिक नगरी उज्जैन में पहुंचे। यहां उन्होंने सिद्धवट पर नारायण बलि का पूजन अर्चन कर पिंड बनाएं उनका पूजन किया और फिर इन्हें मां शिप्रा प्रवाहित किया।

# मेडिकल ऑफिसर को जान से मारने की धमकी, कोतवाली थाने में मामला दर्ज

छतरपुर ■ निसं

पन्ना जिला अस्पताल में पदस्थ वरिष्ठ चिकित्सक एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रदीप द्विवेदी को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है, जहां अब चिकित्सक द्वारा पन्ना कोतवाली थाने में शासकीय कार्य में बाधा, अश्लील गालियां एवं जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराते हुए स्नद्धक्रहुई है। वहीं पुलिस मामले की जांच और कार्यवाही में जुट गई है।

पन्ना जिला आपातकाल में पदस्थ डॉक्टर प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि गत 12 जून 2025 को मेडिसिन ऑन कॉल ड्यूटी पर था। उक्त दिनांक को रात्रि करीब 09.00 बजे मेरे मोबाइल नंबर पर एक नंबर से कॉल आया जिसने अपना नाम धर्मेन्द्र पाठक निवासी अतरहाई का होना बताया और मुझसे अभदता पूर्वक बात करते हुए बोला कि मेरी मां गायत्री पाठक है, जो जिला अस्पताल पन्ना में ढ्ढष्ट में भर्ती है। तत्काल अस्पताल आईए और मेरी मां को देखिए। जिसके कॉल पर मैं तत्काल जिला अस्पताल पन्ना उसकी मां गायत्री पाठक को देखने पहुंचा। वहां पर धर्मेन्द्र पाठक नाम का व्यक्ति मिला वो मुझसे गाली-गलौज कर बोला कि बड़ा डॉक्टर बनता है और यहां पर मेरी मां सीरियस है और तू इतनी देर में आया है। तब मैंने कहा कि तुम्हारे फोन करने पर मैं तत्काल आ गया हूं और आप मेरे से इस तरह अभद्रता पूर्वक बात क्यों कर रहे हो। मैं अपनी ड्यूटी कर रहा हूं। तब धर्मेन्द्र पाठक और अधिक उत्तेजित होकर मेरे साथ अभद्रता करता रहा। मैं उसकी मां की जांच व उपचार किया। हेपेटाईटिस-सी के द्वारा क्रोनिक लिवर फेलियर होने के कारण तथा मरीज गायत्री पाठक की अवस्था गंभीर हो रही थी। इस कारण मरीज को प्राथमिक उपचार देने उपरांत रैफर करने की सलाह दी गई।



### डॉक्टर ने दी थी समझाइश फिर भी नहीं माना

डॉक्टर प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि तत्पश्चात मैंने कहा कि तुम्हारी इस प्रकार की अभद्रता/गाली-गलौच मुझे अच्छी नहीं लगी तो उसने मुझसे कहा कि तुम्हारे जैसे डॉक्टर मैंने बहुत देखे हैं। मैं तो तुम्हारी अकल ठिकाने लगा दूंगा और तेरी दूसरी टांग भी तोड़ दूंगा। इस दौरान मौके पर ढ्ढष्ट में भर्ती अन्य मरीज व ड्यूटी डॉक्टरों ने मना किया तो उक्त युवक द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद डॉक्टर ने थाने में मामले की शिकायत दर्ज करवाई है। जहां अब डॉक्टर की शिकायत पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बीजेपी नेता प्रवीण अवस्थी ने एसडीएम सरोज परिहार को ज्ञापन सौंपा

# 109 शिकायतों में नामांतरण सहित 11 मांगों का ज्ञापन, राजस्व अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया

सिवनी मालवा ■ निसं

शुक्रवार के दिन भाजपा नेता प्रवीण अवस्थी के नेतृत्व में एसडीएम सरोज परिहार को तहसील परिसर में करीब एक सप्ताह धरना देने के बाद 109 जन शिकायतें एवं 11 प्रमुख मांगों का ज्ञापन दिया गया। इस दौरान भाजपा नेता और पूर्व नपा उपाध्यक्ष ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। दरअसल, पूर्व नपाध्यक्ष तहसील परिसर में 2 जून से 10 जून 12 दिनों से तहसील कार्यालय के सामने टेंट लगाकर जनता की सुनवाई कर रहे थे । जनता द्वारा बरसो बरस से तहसील कार्यालय के चक्कर लगाए जा रहे है जिनकी समस्या ऑन और शिकायतों का आवेदन हमारे द्वारा लिया गया जिसमें लगभग 109 आवेदन आए है इनमें नामांतरण, बटवारा, नक्शा सुधार, ऑनलाइन चढ़ना सहित विभिन्न प्रकार की अलग अलग समस्याओं से लोग परेशान है



जिनकी संपूर्ण जानकारी आपको दे दी है इन सभी की समस्याओं का हल जल्द से जल्द शिविर लगाकर किया जाए अन्यथा जनता सुनवाई मंच जल्दी ही एक बड़ा आंदोलन करेगा ।भाजपा नेता प्रवीण अवस्थी ने बताया कि हमारे द्वारा शांति पूर्ण ढंग से आंदोलन कर जनता की समस्याओं को सुना गया है और जनता के हितों के लिए गर्मी में टेंट लगाकर जनता की परेशानियों में हम साथ खड़े हुए । राजा तिवारी ने बताया कि लोग कई सालों से परेशान है जिनकी सुनवाई नहीं हो रही है इसलिए परेशान लोगों के कामों को करवाने के लिए तहसील कार्यालय से शुरुवात हो चुकी है ।

### जनपद सभागार में नावघाट नीलामी में हुआ जमकर हंगामा

# 26 लाख रुपए बोली लगाकर नहीं लिया ठेका, प्रथम बोलीकर्ता की अमानत राशि होगी जब्त

सिवनी मालवा ■ निसं

जनपद सभागार में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब नर्मदा तट बाबरी घाट के नाव घाट की नीलामी शुरु हुई। अन्य सभी नावघाटो की नीलामी तो सहजता पूर्वक विधिवत हो गयी ।लेकिन जब नर्मदातट बाबरी घाट के नाव घाट की नीलामी की बारी आयी तब जबरदस्त हंगामा हो गया और नीलामी दारो के मारपीट तक की नौबत आ गयी। जिसके लिए पुलिस की सहायता भी लेना पड़ी। बाबरी घाट के नावघाट के लिए गौरव राठौर की 26 लाख रुपया पहली बोली रही। दूसरी बोली ओमप्रकाश क़ीर की 25 लाख रुपया बोली रही। तीसरे नम्बर पर स्वरूप सिंह ने 22 लाख रुपया की बोली लगाई थी। लेकिन पहली बोली कर्ता से जब राशि जमा कराने को कहा



गया तो उसके द्वारा राशि नही जमा करायी गयी। जिसके कारण उसकी बोली लगाने की अमानत राशि एक लाख रुपया राजसात कर उसका नाम ब्लेक लिस्ट किया जाएगा। नियमानुसार अन नावघाट दूसरी बोलीदार ओमप्रकाश को उसकी दूसरी बोली 25 लाख रुपया में देने की तैयारी की जा रही है। लेकिन दूसरी बोली दार 20 लाख रुपया जमा कर नाव घाट पाना चाहता है। ऐसी स्थिति में अब देखना यह है कि जनपद पंचायत के अधिकारी बाबरी नाव घाट की पुनः नीलामी करते है। या बोली दारो से साँठ गाँठ कर बाबरी नाव घाट का ठेका कम राशि में ही दे देते है या पुनः बाबरी नाव घाट की नीलामी कराते है।

इस संबंध में जनपद सदस्य शेरसिंह दरवार का कहना है कि नावघाट नीलामी के दौरान हम जनपद सदस्य भी नीलामी प्रक्रिया के समय मौजूद थे। नीलामी के दौरान नीलाम दारो के मध्य विवाद की स्थिति बनी जो बेहद निंदनीय रही। बमुश्किल विवाद को पुलिस बुलाकर समाप्त करा कर बोली लगवाई गयी। प्रथम बोलीदार द्वारा इंकार करने पर उसकी अमानत राशि राजसात कराने की कार्यवाही कर अब यदि दूसरी बोलीदार अपनी बोली राशि 25 लाख रुपया जमा करता है तो उसे नावघाट का ठेका दिया जाएगा।

### भागवत कथा के दौरान बिजली गिरी, गर्भवती महिला की मौत

# पंडाल में बैठे 24 लोग झुलसे, मृतका के परिजन को 4 लाख रुपए देगा प्रशासन

श्योपुर ■ निसं

श्योपुर जिले के सेमरा गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे भागवत कथा के पंडाल में बिजली गिरने से 4 माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई, जबकि 24 लोग झुलस गए। कथा में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को घटना स्थल से 8 किमी दूर कराहल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, सेमरा गांव के हनुमान मंदिर परिसर में 7 जून से श्रीमद् भागवत कथा चल रही है।


इस जगह चल रही थी भागवत कथा



शुक्रवार को कथा का छठा दिन था। शाम को पंडाल में लगभग 100 लोग कथा श्रवण कर रहे थे।

इसी दौरान मौसम ने करवट ली और तेज हवा के साथ बादलों की गड़गड़ाहट शुरू हो गई। अचानक बिजली गिरी, जिससे भगदड़ मच गई। मृत महिला की पहचान 22 वर्षीय मीता पत्नी देवराज के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली गिरते ही पंडाल में चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही श्योपुर एसडीएम मनोज गढ़वाल, स्वास्थ्य विभाग की टीम और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है और घायलों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। एसडीएम मनोज गढ़वाल ने मृतका के परिजन को 4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की।

**ये हुए घायल:** कराहल टीआई भारत सिंह गुर्जर के मुताबिक, बिजली गिरने से सेमरा, निमानिया, सिरसनवाड़ी, बंदनहार के लोग घायल हुए हैं। दो घायलों के नाम पता नहीं चल पाए।

करीना आदिवासी 16 वर्ष, कृष्णा बाई 25 वर्ष, जमुना बाई आदिवासी 42 वर्ष, रामी आदिवासी 16 वर्ष, राजवती आदिवासी 40 वर्ष, लक्ष्मी जाटव 40 वर्ष, निशा आदिवासी 20 वर्ष, किरन 15 वर्ष, गुड्डी बाई 40 वर्ष, संगीता 12 वर्ष, वंदना 25 वर्ष, विदेशा 15 वर्ष, रोहिनी 10 वर्ष, चायना 30 वर्ष, कुलदीप 7 वर्ष, सुआ आदिवासी 40 वर्ष, लक्ष्मी 5 वर्ष, सालू 16 वर्ष, ज्योति 30 वर्ष, वंदना 60 वर्ष, नीतू 15 वर्ष, प्रीति 45 वर्ष।

### भगवद् कृपा से ही बुद्धि भगवान् को जान सकती है - सुश्री धामेश्वरी देवीजी

**सिवनी मालवा।** जिला नर्मदापुरम, मोरंड गंजाल कॉलोनी शिवराज पार्क के बगल सिंचाई विभाग की तवा कॉलोनी में चल रही जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी



महाराज की प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवी जी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के तीसरे दिन वेद और शास्त्रों के प्रमाणों सहित देवी जी ने बताया कि सर्वान्तरयामी सर्वशक्तिमान भगवान् को बुद्धि के द्वारा बड़े बड़े ज्ञानी तो क्या, ब्रम्हा विष्णु शंकर भी नहीं जान सकते क्योंकि भगवान् बुद्धि से परे हैं, मायातीत हैं। हम सभी जीव माया के गुणों के आधीन हैं, भगवान् माया से परे है, दिव्य है, शाश्वत है, हमारी इन्द्रिय मन बुद्धि मायिक है, प्राकृत है इसलिए क्षुद्र शक्ति युक्त है। इसके अतिरिक्त भगवान् अनंत विरोधी धर्मों के अधिष्ठान भी हैं इसलिए बड़े बड़े ब्रम्हा विष्णु शंकर आदि बुद्धि के आधार पर नहीं जान सकते तो साधारण मनुष्य भी भगवान् की शक्ति को नहीं जान सकता। भगवान् छोटे से भी छोटा है, भगवान् बड़े से भी बड़ा है, वो धर्म से परे है, अधर्म से भी परे है, सृष्टि से परे है किन्तु सृष्टिकर्ता भी है, अकर्ता है किन्तु न्यायकर्ता भी है, कृपाकर्ता भी है, भगवान् से भय भी भयभीत होता है किन्तु भगवान् यशोदा मैया की छड़ी से डरते हैं।

## अनमोल वचन

बदलाव प्रारम्भ में सबसे कठिन, मध्य में सबसे बेकार और अंत में सबसे अच्छा होता है। – **राबिन शर्मा**

यदि हमारे मन में शांति नही है तो इसकी वजह है कि हम यह भूल चुके है कि हम एक दुसरे के है।

– **मदर टेरेसा**

## सम्पादकीय

## इजराइल का ईरान पर हमला-तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत?

विश्व स्तर पर तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया है। इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमला कर दिया है। इससे ईरान का आसमान सफेद, काले, नारंगी और लाल रंग के धुंए से पट गया। इस हमले में 300 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। नताज सहित कई न्यूक्लियर साइट्स को इस हमले में निशाना बनाया गया है। इजराइल ने दावा किया है, कई परमाणु वैज्ञानिकों की हमले में मौत हुई और ईरान को भारी नुकसान हुआ है। यह हमला इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से ऑपरेशन राइजिंग लायन का हिस्सा बताया गया है। यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करने के लिए किया गया है। इस हमले में अमेरिका की भी मूक सहमति है। खुले तौर पर अमेरिका इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। हमले के बाद ईरान ने कड़ा जवाब देने की चेतावनी देकर ड्रोन से इजरायल पर हमला शुरू कर दिया है। तेहरान ने इसे युद्ध की घोषणा मानते हुये कहा कि ईरान ऐसा जवाब देगा, जिससे इजराइल कांप उठेगा। विदेशी मामलों के जानकार एवं रक्षा विशेषज्ञों का मानना है, कि यह हमला क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। फारस की खाड़ी में तनाव बढ़ने से तेल और गैस की आपूर्ति पर संकट मंडरा रहा है। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 40 फीसद से अधिक तेल का परिवहन कई देशों के लिए होता है, उसके ब्लॉक होने से सारी दुनिया के जनजीवन और व्यापार को लेकर बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। भारत ने फारस की खाड़ी से गुजरने वाली सभी उड़ानों को वापस बुला लिया है। वैश्विक शेयर बाजारों में भारी गिरावट हो रही है। भारतीय शेयर बाजार में निफ्टी और सेंसेक्स 1000 अंक तक लुढ़क गए हैं। कच्चे तेल की कीमतें आसमान छूने लगी हैं। अमेरिका ने इस हमले को लेकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। सूत्रों का दावा है, नेतन्याहू को अमेरिका के राष्ट्रपति राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन प्राप्त है। ईरान के साथ भारत की बहुत पुरानी दोस्ती है। विश्लेषकों ने इजराइल की इस कार्रवाई को परमाणु अपराध निरूपित किया है। इजराइल ने अभी जो इराक के ऊपर हमला किया है। यह हमला विश्व युद्ध के खतरे को बढ़ाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के 75 वर्षों बाद पहली बार न्यूक्लियर साइट्स पर हमला हुआ है। ईरान के जवाबी हमले से आसपास के देशों की प्रतिक्रिया से स्थिति विस्फोटक होना तय है। विश्व समुदाय ईरान पर हुए हमले के बाद संयम और कूटनीति की अपील कर रहा है। क्या इससे यह संकट टल पाएगा। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपनी सत्ता बचाने के लिए ईरान और गाजा को निशाना बना रखा है। डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका में भारी विरोध हो रहा है, ऐसी स्थिति में उन्होंने भी इजराइल के कंधे पर सवार होकर सारी दुनिया को भयाक्रांत करने में लगे हुए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू जिस तरह से आतंक फैला रहे हैं, उससे सारी दुनिया परेशान है। नेतन्याहू ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की बात नहीं मानी, मानव अधिकारों का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जो नियम युद्ध के लिए बनाए गए थे उनका भी पालन नहीं कर रहे हैं। जिस तरह की मनमानी अमेरिका और इजराइल मिलकर कर रहे हैं उसके बाद अब यह स्पष्ट रूप से दिखने लगा है, इजराइल द्वारा ईरान के ऊपर किए गए हमले के बाद विश्व युद्ध को रोका जाना संभव नहीं है। परमाणु ठिकानों पर हमला करके वैश्विक आबादी के लिए जो खतरा पैदा किया गया है वह इतनी आसानी से निपटने वाला नहीं है। इस हमले के बाद दुनिया के देशों की अर्थव्यवस्था तथा परमाणु हमले की आशंका के चलते जिस तरह का वातावरण बन गया है उसमें भारी तबाही होना तय माना जा रहा है। वर्तमान स्थिति में कोई भी ऐसा वैश्विक नेता नहीं है जो इस युद्ध की आशंका को रोक सके। सभी बड़ी-बड़ी महाशक्तियां इस विनाशकारी युद्ध की आग में घी डालने का काम करके युद्ध को भड़काने का काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अपना वजूद खो चुके हैं। ऐसी हालत में 75 वर्षों से जो नहीं हुआ था अब वह होने जा रहा है। एक बार फिर सारी दुनिया विनाश की ओर आगे बढ़ रही है। समय रहते यदि इसे नहीं रोका गया तो विनाशकारी परिणाम बहुत जल्द देखने को मिल सकते हैं। पिछले तीन दशक में छोटे-छोटे देशों के पास भी नवीन तकनीकी के हथियार जो बड़े विनाशकारी साबित हो रहे हैं ऐसी स्थिति में एक बार युद्ध शुरू हुआ तो इसे रोकना बहुत मुश्किल होगा। भारत को इस स्थिति में पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंध और विदेशनीति में सुधार करने की जरूरत है। गुटनिरपेक्ष देश के रूप में अब भारत की पहचान नहीं रही, जिसके कारण भारत वह भूमिका अदा नहीं कर पा रहा है जो गुटनिरपेक्ष आंदोलन के समय भारत भूमिका अदा करता था। समय रहते भारत को इस विषम स्थिति में बहुत सजग रहने की जरूरत है। भारत और ईरान के हजारों वर्ष पुराने संबंध हैं।

## चिंतन-मनन

## धर्म का मूल केंद्र है वर्तमान

धर्म जगत ने धर्म को केवल परलोक के साथ जोड़कर भारी भूल की है। इसका परिणाम यह हुआ कि धर्म का असली प्रयोजन तिरोहित हो गया। वह स्वर्ग-सुखों के प्रलोभन और नरक-दुख के भय से जुड़ गया। हर धर्म-प्रवर्तक ने धर्म को जीवन से जोड़ा, किंतु धर्म-परंपराओं ने उसे स्वर्ग और नरक से जोड़ दिया। धर्म का मूल केंद्र वर्तमान है न कि भूत और भविष्य। हम वर्तमान क्षण को कैसे जियें, धर्म का सारा दर्शन इसी पर टिका हुआ है। वर्तमान विषम है तो भविष्य भी विषम होगा। यदि वर्तमान सम और सुखमय है तो भविष्य भी सम और सुखमय ही होगा। यानी भविष्य वैसा ही होगा जैसा वर्तमान है। इसीलिए धर्म का असली प्रयोजन वर्तमान को सजाने-संवारने का है। इस केंद्रीय विचार से भटक जाने के कारण धर्म भूत और भविष्य में उलझ गया। वर्तमान को उसने बिल्कुल ही भुला दिया। इसलिए लोगों ने वर्तमान को केवल अतीत का परिणाम मान लिया। इससे भाग्यवाद की विचारधारा का जन्म हुआ। भाग्य को बदला नहीं जा सकता, इसलिए वे वर्तमान से विमुख हो गए और भविष्य की चिंता में पड़ गए। जिसके पास कोठी, महंगी कार और विदेशों में छुट्टी मनाने के साधन हैं, वे अतीत के परिणाम हैं। जो वैभव-संपन्न नहीं हैं, वे जप-तप में इसलिए लगे हैं ताकि भविष्य में भी साधन-संपन्न बन सकें। ऐसे में धर्म का पूरा उद्देश्य ही बदल गया। जो आत्म-केंद्रित था, वह वस्तु-केंद्रित हो गया। जो वस्तु-विमुख था, वह वस्तु-सम्मुख बन गया। इसी विचार के फलस्वरूप धर्म के नाम पर व्यापार और सौदेबाजी चलने लगी। जहां भी प्रलोभन और भय है वहां धर्म नहीं है। धर्म है आत्म उज्ज्वलता का साधन। धर्म है सोई हुई शक्तियों के पुनर्जागरण का उपादान। यह है आत्म-स्वभाव में रमण। धर्म ही है आत्म शांति और विश्व शांति का एकमात्र साधन। वर्तमान जीवन को आनंदपूर्ण बनाने का गुर। भगवान महावीर ने कहा है- आत्मा ही नरक है, आत्मा में ही स्वर्ग है, आत्मा में ही बंधन है, आत्मा में ही मोक्ष है। जिसके भीतर नरक नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी नरक नहीं। जिसके भीतर स्वर्ग नहीं, उसके लिए बाहर कहीं भी स्वर्ग नहीं। महावीर ने भीतर पर जोर दिया जबकि हम बाहर पर जोर दे रहे हैं। बाहर के स्वर्ग और नरक की चिंता में उलझे हैं। इसी चिंतन का दुष्परिणाम यह हुआ कि बाहर से जप-तप, पूजा-पाठ चल रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ छल-कपट, झूठ, शोषण, राग-द्वेष, नफरत भी पल रहे हैं। यानी धर्म करते हुए भी जीवन में कोई परिवर्तन नहीं है, कोई प्रांति नहीं है। इसी वजह से जीवन की शांति गायब हो गई। शांति वर्तमान में ही घटित हो सकती है। इसलिए हम अपने को वर्तमान से जोड़ें, उसे सजायें-संवारें, संगीतमय और आनंदमय बनाएं। यही धर्म है।

### मोहन यादव सरकार के डेढ़ साल पूरे

# विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ता मध्यप्रदेश

यह सदी विकास की है। एक तरफ जहाँ देश ने विश्व पटल पर अपनी पृथक पहचान स्थापित कर ली है। वहीं मध्यप्रदेश ने विकास के विभिन्न आयाम स्थापित कर साबित कर दिया है कि हौसले बुलंद हों तो कुछ भी असम्भव नहीं। याद दिलाना होगा कि इस सदी के आरम्भ से ही मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता की बागडौर सम्भाल रखी है।

**– निलय श्रीवास्तव**

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश पहले सपना था लेकिन अब हकीकत बनकर हमारी आँखों के सामने आ चुका है। मध्यप्रदेश विकास का रोल मॉडल बनकर तेजी से उभरा है। इसका प्रमाण है जन-जन का विकास और संचार समेत अन्य संसाधनों में उल्लेखनीय प्रगति। प्रसंगवश बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार मध्यप्रदेश की सराहना कर चुके हैं। विकास के मामलों में पिछड़ते जा रहे राज्यों पर जब गहन चिंतन मनन होता है तब मध्यप्रदेश का उदाहरण सबके सामने प्रस्तुत किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस प्रदेश के साथ साथ मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से भी अत्यधिक प्रभावित हैं। उनकी कर्तव्य परायणता का जिक्र वे अपने भाषणों में अक्सर करते हैं। डॉ.मोहन यादव हैं भी तारीफ के काबिल, क्योंकि अपनी अकर्मण्यता, कौशल्य के दम पर उन्होंने मध्यप्रदेश को अग्रणी स्थान दिलाया है। उनकी सक्रियता प्रदेश भर में है। सुदूर क्षेत्रों में भी यदि समस्या हो तो वे उसके निराकरण के लिए प्रयासरत होते हैं। प्रशासनिक अमला भी उनके दिशा निर्देशों का तटस्थता सजगता से पालन करता है। वर्षों की समस्या को देखते देखते सुलझा लिया जाता है। डॉ.मोहन यादव के काम, उनके आश्वासन और वायदों पर प्रदेश के लोगों ने भरोसा जताया है। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के डेढ़ वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। सरकार के कामकाज को परखने उससे संतुष्ट होने वाले लोगों की संख्या ज्यादा है लेकिन आलोचना करने वाले भी कम नहीं। इन सबके बीच विपक्ष की आलोचना,टीका टिप्पणी को



नजर अंदाज कर मध्यप्रदेश कङ्क विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का लक्ष्य अपने गंतव्य पर निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है।

यह सदी विकास की है। एक तरफ जहाँ देश ने विश्व पटल पर अपनी पृथक पहचान स्थापित कर ली है। वहीं मध्यप्रदेश ने विकास के विभिन्न आयाम स्थापित कर साबित कर दिया है कि हौसले बुलंद हों तो कुछ भी असम्भव नहीं। याद दिलाना होगा कि इस सदी के आरम्भ से ही मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता की बागडौर सम्भाल रखी है। खास बात यह है कि आम आदमी की फिक्र करने के साथ सबको एक नजरिये से देखा जाता है। बीच के कुछ महीने छोड़ दें तो अधिकांश समय सत्ता की चाबी भारतीय जनता पार्टी के पास ही रही है। इस दौरान गुजरते वक्त के साथ भाजपा ने प्रदेश के लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनायी है। यहाँ बता दें कि मध्यप्रदेश बड़ा राज्य है और बड़े दिल वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव इन दिनों पूरी सक्रियता के साथ प्रदेश का भ्रमण कर रहे हैं। वे आम आदमी से सीधे जुड़कर उससे सीधा संवाद कर रहे हैं। जनता का असीम स्नेह उनके कार्यों की सफलता की गारंटी है। यह भी एक चमत्कार की तरह है कि वे जनता की दवा बनकर हमेशा साथ खड़े हो जाते हैं। मसला किसानों की समस्याओं का हो, मजदूरों का हो या प्रदेश के साथ न्याय नहीं होने का। उनका दिल मध्यप्रदेश के लिए ही धड़कता है और मध्यप्रदेश में ही बसता है। डॉ.मोहन यादव ने यह साबित कर दिया है कि कुशल प्रबंधन तथा अथक परिश्रम से कुछ भी असम्भव नहीं। सबका साथ सबका विकास की थीम पर मध्यप्रदेश अपनी तासीर के अनुरूप भाषा, बोली और जाति के नाम पर किसी भी नागरिक से पराये सा व्यवहार नहीं करता है, बल्कि जो आता है उसे गले लगा लेता है। मध्यप्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के सामाजिक, आर्थिक विकास की बुनियाद को मजबूत करने के लिये भौतिक तथा मानवीय आधारभूत संरचना मजबूत होना चाहिये। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आत्मनिर्भरता को न सिर्फ मध्यप्रदेश के भविष्य निर्माण की दृष्टि से देखा, बल्कि उसे व्यक्तिगत चेतना से आगे ले जाकर समूह चेतना में परिवर्तित करने का उपक्रम भी किया है। आज हम देख रहे हैं कि मध्यप्रदेश के युवा डॉ.मोहन यादव की मदद से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। यही विकास का शंखनाद है। चुनौतियों से सदा जूझते रहने वाले युवा वर्ग को प्रोत्साहन के साथ संबल देने की नितांत आवश्यकता है। मानकर चलते हैं कि आज का युवा कल का भविष्य है। युवा उत्थान की दिशा में आगे बढ़ने के दौरान सरकार के साथ आमजन को भी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। रोजगार के साथ तकनीकि शिक्षा के आवश्यक संसाधन जुटाने होंगे।

# पति की जान की दुश्मन बनती नई नवेली दुल्हनें!

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि राजा की हत्या के समय सोनम मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने सब कुछ देखा,इधर सोनम शिलॉन्ग पहुंच चुकी है।अब उससे राजा की हत्या का राज उगलवाया जाएगा। सोनम को लगा था कि उसके भाड़े पर के किलर और प्रेमी राज कभी सोनम का सच सामने नहीं आने देंगे।मगर पुलिस की मार पड़ते ही चारों आरोपियों ने न केवल अपना जुर्म कबूला, बल्कि यह भी कह दिया कि सोनम ने कैसे अपनी आंखों के सामने अपने पति को मरवाया।मेघालय पुलिस के 'ऑपरेशन हनीमून' ने इस साजिश की कई परतें उजागर की हैं, जिसमें सोनम की हत्या के समय मौके पर मौजूदगी, सुपारी किलरों के साथ उनकी मुलाकात, और जांच को भटकाने की कोशिशें शामिल हैं। इस मामले में कई चौंकाने वाले अपडेट्स सामने आए, जिन्होंने इस हत्याकांड की क्रूरता और साजिश की गहराई को और स्पष्ट किया है।

**– डॉ श्रीगोपाल नारसन**

एक जमाना था जब शादी के बाद दुल्हनों को ससुराल में कभी दहेज के लिए तो कभी अन्य कारणों से प्रताड़ित किया जाता था,लेकिन अब हालात विपरीत हो गए है ,अब नई नवेली दुल्हनें अपने ही सुहाग को निपटाने में लगी है।ऐसी एक नही अनेक घटनाएं हो गई है ,जिनमे पत्नियों ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर या फिर खुद ही क्रूरता की हदे पार कर अपनी ही पति को मौत के घाट उतार दिया है।हाल ही में मेघालय में राजा रघुवंशी की हत्या का खुलासा हो गया है। राजा की पत्नी सोनम ने ही अपने प्रेमी राज कुशवाह के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना तैयार की थी।शादी से पहले सोनम और राज के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। राज इंदौर में सोनम के पिता की प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था, जहां दोनों की मुलाकात हुई और प्रेम प्रसंग शुरू हुआ। सोनम उम्र में राज से 5 साल बड़ी है। पुलिस के मुताबिक, सोनम के कहने पर राज ने राजा की हत्या की साजिश रची और भाड़े के हत्यारो को सुपारी दी गई।

राजा की पत्नी यानी सोनम रघुवंशी वारदात वाली जगह पर मौजूद थी और उन्होंने अपने पति को मरते हुए देखा।' सभी चार आरोपियों ने राजा रघुवंशी की हत्या करने की बात कबूल की है।पहला वार विशाल उर्फ विक्की ठाकुर ने किया था।' पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कैसे राजा रघुवंशी पर हमला किया और बाद में उसकी लाश को एक गहरी खाई में फेंक दिया।

क्राइम ब्रांच की जांच के अनुसार, तीन आरोपी विशाल, आकाश और आनंद ट्रेन से इंदौर से चले थे। वे कई ट्रेनों को बदलते हुए पहले गुवाहाटी और फिर शिलॉन्ग पहुंचे, एसीपी यादव ने बताया सोनम का प्रेमी और सह-साजिशकर्ता राज कुशवाहा इंदौर में ही रुका रहा लेकिन उसने तीनों को यात्रा खर्च के लिए 40,000-50,000 रुपये दिए गए थे।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि राजा की हत्या के समय सोनम मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने सब कुछ देखा,इधर सोनम शिलॉन्ग पहुंच चुकी है।अब उससे राजा की हत्या का राज उगलवाया जाएगा। सोनम को लगा था कि उसके भाड़े पर के किलर



और प्रेमी राज कभी सोनम का सच सामने नहीं आने देंगे।मगर पुलिस की मार पड़ते ही चारों आरोपियों ने न केवल अपना जुर्म कबूला, बल्कि यह भी कह दिया कि सोनम ने कैसे अपनी आंखों के सामने अपने पति को मरवाया।मेघालय पुलिस के 'ऑपरेशन हनीमून' ने इस साजिश की कई परतें उजागर की हैं, जिसमें सोनम की हत्या के समय मौके पर मौजूदगी, सुपारी किलरों के साथ उनकी मुलाकात, और जांच को भटकाने की कोशिशें शामिल हैं। इस मामले में कई चौंकाने वाले अपडेट्स सामने आए, जिन्होंने इस हत्याकांड की क्रूरता और साजिश की गहराई को और स्पष्ट किया है। सोनम अब भी यही दावा कर रही है कि उसे अगवा किया गया था,हालांकि पुलिस ने उसके दावे को खारिज कर दिया है।वहीं इस मामले में गिरफ्तार अन्य आरोपियों के कबूलनामे ने सनसनी मचा दी है।

राजा रघुवंशी हत्याकांड में गिरफ्तार चार आरोपियों राज कुशवाहा, आकाश राजपूत, विशाल सिंह चौहान, और आनंद कुर्मी ने मर्डर का जुर्म स्वीकार कर लिया है।इंदौर क्राइम ब्रांच की सहायक पुलिस आयुक्त पूनम चंद यादव ने यह जानकारी दी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इन आरोपियों ने यह भी बताया कि हत्या के समय सोनम रघुवंशी भी वेई सॉडोंग झरने के पास मौजूद थी और उसने अपने पति राजा को मरते हुए देखा था।

आरोपियों ने खुलासा किया कि सोनम ने राजा की हत्या से पहले चिल्लाकर कहा, 'मार दो इसे,' और हत्या के बाद राजा के शव को खाई में धक्का देने में उनकी मदद की।सोनम ने राजा की हत्या को लूट का रूप देने की योजना बनाई थी।वह कुछ समय तक विधवा बनकर रहना चाहती थी, फिर अपने परिवार को राज कुशवाहा से शादी के लिए मनाने की कोशिश करती। पुलिस ने 39 सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें सोनम और तीनों सुपारी किलर शिलॉन्ग और गुवाहाटी के होटलों में दिखे।हत्या में इस्तेमाल हथियार गुवाहाटी के एक होटल के बाहर की दुकान से खरीदा गया था। सोनम और राज कुशवाहा की मुलाकात दो साल पहले हुई थी। राज, जो सोनम के भाई की टाइल कंपनी में काम करता था, सोनम को 'दीदी' कहकर बुलाता था ताकि किसी को शक न हो, वहीं इन दोनों ने हत्या की योजना शादी के तीन दिन बाद बनाई गई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस घटना को समाज के लिए सबक बताते हुए कहा, 'यह बहुत दुखद है।शादी में दो परिवारों के बीच सावधानी बरतनी चाहिए।बच्चों को इतनी दूर भेजने पर भी विचार करना चाहिए।'

### विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष

## स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देकर उजाला बने

**– ललित गर्ग**

किसी के जीवन में रंग भरने का, जीवन और मौत के बीच जूझ रहे लोगों को जीवन देने का और अधिक स्वास्थ्य संकट से घीरे व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण बनने का सशक्त माध्यम है रक्तदान। दुनिया भर में अनगिनत लोगों को रक्त की अपेक्षा होती है, इसलिये रक्तदान-महादान है। रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिये विश्व स्वास्थ्य



संगठन द्वारा हर साल 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझाने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महान् दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है 'रक्त दें, आशा दें- साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।' यह थीम रक्तदाताओं के जीवन-परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, तथा नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है।

दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरे विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्तदान का महत्व न केवल उन हजारों लोगों के जीवन को बचाना है जो रक्त की कमी या अभाव के कारण जीवन एवं मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं, बल्कि विभिन्न बीमारियों से प्रभावित कई अन्य लोगों के जीवन को बचाना और उन्हें अनेक बीमारियों से लड़ने में मदद करना भी है। कल्पना कीजिए कि यह जानकर कैसा महसूस होगा कि आपने किसी की जान बचाई है। आपकी वजह से, कोई व्यक्ति अब अपने परिवार के साथ रह रहा है, पढ़ाई कर रहा है और दुनिया में मौजूद है। यह दिन चुनौतियों को स्वीकार करता है और सुरक्षित रक्त दान को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में प्रगति को गति देता है।

## खास बात

### पांच राज्यों के चुनाव की तैयारी 1 साल पहले

2026 में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा ने 1 साल पहले से तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा का केंद्रीय संगठन अभी से चुनाव रणनीति बनाने में जुट गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में इन्हीं पांच राज्यों के चुनाव को ध्यान में रखकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री शामिल किए जाएंगे। जिस तरह की चुनौती भाजपा को पिछले कई महीनो से देखने को मिल रही है। उसको देखते हुए भारतीय जनता पार्टी सतर्क हो गई है। भाजपा ने 1 साल पहले ही युद्ध स्तर पर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव मे साम दाम दंड भेद के आधार पर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। सत्ता और संगठन सक्रिय हो गया है। भाजपा इस समय कोई भी रिस्क लेने तैयार नहीं है।

### हवाई जहाज में 229 यात्री, 228 मरे, 1 बचा

गुरुवार को अहमदाबाद में एक प्लेन क्रैश हुआ। यह प्लेन अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। इसमें 229 यात्री सवार थे। इसमें से 228 यात्रियों की मौत हो गई। मात्र एक यात्री बचा। भगवान ने जैसे चमत्कार कर दिया। प्लेन क्रैश हुआ,खिड़की टूटी और वह बाहर गिर गया। उसकी जान बच गई। इसी को कहते हैं, जाको राखे साइयां मार सके ना कोई। अब प्रधानमंत्री से लेकर हर कोई उससे मिल रहा है। मीडिया के लोग जाकर उससे बाइट ले रहे हैं। दुनिया भर में उसके नाम की गूंज हो रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी का, 12 को भगवान से मिलन

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के लिए 12 का अंक सारे जीवन बड़ा शुभ माना गया। वह कोई भी काम शुरू करते थे, उसमें 12 के अंक का ध्यान रखते थे। भगवान ने उन्हें 12 को अपने पास बुलाया। 10 जून को वह लंदन जाने वाले थे। पंजाब का प्रभार होने के कारण वहां पर चुनाव होने से 10 जून को वह नहीं जा पाए। उन्होंने 12 जून की टिकट ली। हवाई जहाज में बैठकर लंदन के लिए रवाना भी हुए। इसी लकी 12 तारीख को भगवान ने उन्हें अपने पास बुला लिया। अहमदाबाद में प्लेन क्रैश हुआ और 228 यात्रियों की मौत हो गई। उसमें विजय रुपाणी भी थे। परिवार से उनका बिछोह हुआ है। वह 12 को भगवान के पास चले गए। यह उनके लकी नंबर का कमाल मान जा रहा है।

### जो सोचा नहीं था वह हो गया

आदमी बहुत लंबा सोचता है। बड़े-बड़े सपने बुनता है। वह जो सोचता है,वह होता नहीं है। जो नहीं सोचता है, वह हो जाता है। कहां सब लंदन जाने की खुशी मना रहे थे। वह सारी खुशियां एक ही झटके में मातम में बदल गई। अहमदाबाद में जो प्लेन क्रैश हुआ है। उसमें 228यात्रियों की मौत हुई है। 40 ऐसे लोगों की मौत हो गई है। जो प्लेन में यात्रा भी नहीं कर रहे थे।

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय अस्त, पश्चिमे शुक्रोदय पूर्वे तिथी तीज, शनिवार उ.षा. नक्षत्रे, शुभ योगे, गर करणे, मकर की चंद्रमा, भद्रा 22/25 श्री गणेश चौथ व्रत, चंद्रोदय रात्रि 9/36 तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उत्तम व्यापारी, शिक्षक-शिक्षाविद्, शिक्षाशास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिन्सपाल, उत्तम कार्यकर्ता, लेखक-लेखापाल, लिपिक, वैसश्यिर, प्रबंधक तथा उद्योगपति, राजनेता, विधायक, मंत्री होगा।

**मेष राशि :** कार्य-कुशलता एवं समृद्धि के योग फलप्रद होंगे, रुके कार्य बन जायेंगे।

**वृष राशि :** कार्य तत्परता से लाभ एवं इष्ट मित्र सुखवर्धक अवश्य ही होंगे।

**मिथुन राशि :** व्यवसायिक क्षमता में वृद्धि, कार्यकुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य बनेंगे।

**कर्क राशि :** सोच-समझकर शांति बनाये रखें अन्यथा कुछ विभ्रम, विकार, क्लेश होगा।

**सिंह राशि :** समय की अनुकूलता से विशेष कार्य की वृद्धि करें, लेनदेन मध्यम होगा।

**कन्या राशि :** मानसिक विभ्रम, किसी अरोप में फंस सकते हैं, अर्थ के कार्य बन जायेंगे।

**तुला राशि :** भाग्य का सितारा प्रबल हो, बिगड़े कार्य बनेंगे तथा कार्य संतोष होगा।

**वृश्चिक राशि :** कार्य-कुशलता से संतोष, योजनाएं फलीभूत अवश्य ही होंगी।

**धनु राशि :** सफलता के साधन जुटायें, धन लाभ, आचानक सफलता का हर्ष होगा।

**मकर राशि :** आरोप व क्लेश, असमंजस, धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

**कुंभ राशि :** इष्ट मित्र सुखवर्धक हो, स्त्री शरीर कष्ट, चिन्ता असमंजस में रखें।

**मीन राशि :** इष्ट मित्र सहायक रहें, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता आयेगी।

**पीएल गौतमाचार्य**

## दैनिक पंचांग

**14 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.22 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 07.36 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 09.52 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.04 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.14 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.29 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.45 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.37 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.09 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मेष | 01.40 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.20 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 165 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 15.47 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 00.22 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 13.13 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 15.47 बजे तदनन्तर बव 03.53 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 17.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 16'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872375
**जूलियन दिन** 2460840.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 17
**विशेष** संकष्टी चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# हेल्थ के साथ पाएं वेल्थ

**आज आयुर्वेद का जमाना है और लोग अंग्रेजी दवाइयां खाकर ऊब चुके हैं, यही नहीं इन दवाओं के साइड इफेक्ट से लोग हमेशा डरते रहते है। यदि कोई गंभीर बीमारी है तो चेकअप वगैरह कराने में ही दम फूल जाता है।**



**आम आदमी** तो किसी सरकारी हॉस्पिटल की राह देख लेता है, पर अमीर की बात ही कुछ और है, क्यों कि वह हेल्थ इंश्योरेंस के सहारे निजी अस्पतालों में इलाज करा लेता है और उस पर असर नहीं के बराबर पड़ता है।

- आज भागमभाग की जिन्दगी में लोग अपने पुराने आचार-विचार को भूल कर प्रदूषण की दुनिया में जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसा कोई घर नहीं है, जहां कोई बीमार ना हो , लेकिन ना तो उनके पास व्यायाम का समय है ना खाने न पीने का। ऐसे में बीमारियों का लगना कौन रोक सकता है।
- लोगों में प्रतिरोधक-शक्ति का विकास हो और आदमी में बीमारी से लड़ने की शक्ति जागृत हो तो छोटी-मोटी बीमारियां आदमी के ऊपर अटैक नहीं कर पाएंगी।
- हर रोज नए आयुर्वेदिक नुस्खे बताए जा रहे हैं और उनको मार्केट में डाला जा रहा है।
- डाबर के उत्पाद बाजार में छाए है बैद्यनाथ, झंडू और भी जाने कितने ही आयुर्वेद की कम्पनी जैसे रामदेव, आसाराम, सुदर्शन महाराज, महर्षि आयुर्वेद काम कर रही हैं।

## फायदेमंद नुस्खा

शुगर के मरीजों को अक्सर काफी परेशानियों का सामना करना होता है। जरा से कोई बताए कि फलां औषधि फायदेमंद है, वे या उनके परिजन तुरंत ट्राई करने में लग जाते हैं। लेकिन रिस्क भी काफी रहती है।

- आइए जानते हैं एक नुस्खे के बारे में जो शुगर के मरीजों के लिए फायदेमंद है।
- पनीर डोडा नाम की जड़ी-बूटी आपको अत्तार के दुकान पर आसानी से मिल जाएगी। आधे गिलास पानी में इसके 8-10 फल रात को पानी में भिगो दीजिये। सुबह होते ही इनको मसल के छान लें, अब जो पानी बचा है, उसको सुबह निन्हें मुंह यानी खाली पेट पी लें, एक हफ्ते में आपको लगने लगेगा कि आपका शुगर लेवल काम हो रहा है। यदि आप चाहे तो दो टाइम भी ले सकते हैं, साथ ही सुबह और शाम टहलना जारी रखें ।
- खाना ना पचने वालों के लिए भी एक उपाय है। की वह भोजन के दौरान पानी कम पीएं और खाना खाने के बाद दो घंटे बाद कम से कम एक लीटर पानी पीने की आदत डालें।
- यदि आप चाहते हैं कि आपको पथरी की शिकायत ना हो तो आपको चाहिए की खाना खाने के बाद निश्चित रूप से मूत्र विसर्जन करने की आदत डालें।

## एलोविरा

आयुर्वेद की दवाइयां काफी प्रचलित हो रही हैं। आपने एलोविरा का नाम तो सुना ही होगा। यदि एलोविरा का बना कोई भी उत्पाद लें तो उसके लाभकारी परिणाम सामने आएंगे?

## हर तरह से है लाभकारी

यदि आप एलोवेरा का प्रयोग शुरू करते हैं तो लाभ निश्चित है। कोई भी इसके फायदे को नकार नहीं सकता है।

- एलोविरा जेल के उपयोग से बहुत- सी असाध्य बीमारियां ठीकहोती हैं।



## आयुर्वेद में कहां से आया वेल्थ

बाजार में बहुत सी आयुर्वेदिक कम्पनी सक्रिय हैं, जिनके उत्पाद सिर्फ अपने सदस्यों को ही देती हैं। साथ ही उस पर इंसेंटिव भी देती है। इनको नेटवर्क से जोड़कर वे लोगों की औसत आमदनी का जरिया बना रही हैं। यदि कोई इनसे जुड़ना चाहता है तो जुड़ भी सकता है। इसका लाभ यह होता है कि इससे किसी लाइलाज बीमारी का इलाज संभव हो जाता है साथ ही दुआएं भी मिलती हैं।

- एक साइट है फॉरएवरलिविंग.कॉम इस पर जाकर इनके प्रॉडक्ट को देखा जा सकता है और किसी के माध्यम से जुड़ सकते हैं।
- यह संस्था दावा करती है कि गठिया, दमा, हृदय रोग, पाचन समस्या, किडनी समस्या, मोटापा एवं त्वचा संबंधी रोग का निदान संभव है।
- नियमित खान-पान और निश्चित व्यायाम आपके शरीर को निरोगी बना सकता है, पर समय देना आपके ऊपर है। ऐसे में आपको निर्णय लेना है कि आप धन देकर सेहतमंद रहना चाहते हैं या नियमित दिनचर्या से।
- शरीर आपका है और आप ही इसकी रखवाले हैं तो निरोगी काया रहेगी तो माया तो कमा ही सकते हैं।



## खुशियों का खजाना आपके ही पास है

आइए इस बात को थोड़ा और आसान ढंग से समझते हैं। याद कीजिए कि पिछली बार कब आपने अपने शरीर और आत्मचेतना को तनावमुक्त और गैर बोझिल महसूस किया था। उस मनोदशा की विशिष्ट ऊर्जा ने आपको अपने काम में अच्छा प्रदर्शन करने, लोगों के साथ गहराई से जुड़ने, काम में खुलकर रचनात्मकता की अभिव्यक्ति करने, रेंगते हुए ट्रैफिक में मुस्कराने, जाम के खुलने का मुस्कराते हुए इंतजार करने और घर लौटकर परिवार के साथ प्यार के पलों को बांटने के लिए प्रेरित किया होगा। कल्पना कीजिए इसी खुशी की फसल अगर आप हर दिन काट सकें, तो कितना अच्छा हो? अगर आप अपना ध्यान पूरी तरह से केन्द्रित करें, तो सच्ची प्रसन्नता को हासिल करना कोई मुश्किल काम नहीं है।

**मालीक्युलर बॉयोलॉजिस्ट से बौद्ध भिक्षु बने मैथ्यू रिकार्ड ने शताब्दियों पुराने बौद्ध दर्शन के बौद्धिक संदेशों को आधुनिक वैज्ञानिक शोधों के निष्कर्षों के साथ जोड़ने का सार्थक प्रयास किया है। उनकी सोच के अनुसार खुश रहना मात्र एक सुखद अहसास, एक सुंदर भाव या एक अच्छे मूड से ही संबंधित नहीं है, बल्कि ये आपका बुनियादी सुखद अस्तित्व है। यह संसार की व्याख्या करने का एक तरीका है। संसार को बदलना मुश्किल होगा, पर संसार को देखने के नजरिए को बदलना तो संभव है।**

### निश्चित तरीका नहीं

यह सच है कि खुशी पाने का कोई एक निश्चित तरीका या फार्मूला नहीं है। इसलिए वही तरीका या ढंग अपनाएं, जो आपके लिए उपयुक्त हो। इस संदर्भ में आपको अपने ही अंदर खुशी का खजाना खोजने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। आपको कुछ ऐसी आदतों को अपनाना होगा, जिनका पालन शताब्दियों से प्रबुद्ध लोग करते आए हैं। इन प्रबुद्धजनों की बातों को न्यूरो-साइंटिफिक रिसर्च में भी सही पाया गया है।

### ध्यान लगाएं

खुश और शांत रहने के लिए मेडिटेशन से अधिक कोई भी अन्य तरीका काम नहीं करेगा। आंखें बंदकर अपना पूरा ध्यान सांस पर केन्द्रित करें। कल्पना कीजिए कि आप अपने शरीर-रूपी मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं। शांति की भावना को महसूस करें। प्रारंभ में इस विधि को पांच मिनट तक करें और अभ्यास होने के साथ ही समय बढ़ाती जाएं। मेडिटेशन के लिए ऐसी जगह चुनें, जहां कोई आपको बाधा न पहुंचाए।

### माफ करें और भूलना सीखें

सकारात्मक सोच और दूसरों को माफ करने के जज्बे पर भरोसा रखें। क्रोध, ईर्ष्या और जलन जैसे नकारात्मक विचारों से स्वयं को मुक्त रखें, क्योंकि ऐसे विचार हमारे सुख व शांति के अहसास को छीन लेते हैं। दूसरे को माफ करना खुशियां पाने का सशक्त माध्यम है।



## न दें अनुचित सुविधाएं

अक्सर लाड़-प्यार के चलते, कई माता-पिता अपने कम उम्र के बच्चों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवा देते हैं और कई बार अपनी गन-रिवॉल्वर उनकी पहुंच के अन्दर रखते हैं। इस असावधानी के कारण आए दिन अनेक दुर्घटनाएं घटती हैं और हादसे के शिकार व्यक्तियों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है।

- जब हम स्वयं के साथ शान्ति अनुभव नहीं करते तो हम मानसिक एवम् भावात्मक व्याधियों से ग्रस्त हो जाते है। आक्रामक एवं हिंसात्मक विचार हमारी सोच को नकारात्मक बना देते हैं तथा हमारा हृदय क्रोध, द्वेष और ईर्ष्या से भर उठता है।
- टेलीविजन तथा अन्य संस्थाओं द्वारा बच्चों - वयस्कों के लिए आयोजित रियलिटी शो एवम् अनेक प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं अधिकांश प्रतियोगियों की मानसिकता को गलत तरीके से प्रभावित करती हैं।

## हम और हमारा स्वास्थ्य



***आज वक्त की*** मांग है कि हम अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखते हुए स्वयं को स्वस्थ रखें।

- स्वस्थ शरीर, स्वस्थ विचार एवं स्वस्थ बुद्धि का मूर्त रूप ही आरोग्य है। दरअसल, आरोग्य वह अवस्था है, जिसमें हम प्रकृति एवं वातावरण से सामंजस्य स्थापित करते हुए जीवन का आनंद लेते हैं।
- हम वास्तविक रूप से तभी स्वस्थ होते हैं ,जब हम स्वयं को मानसिक, भौतिक, भावात्मक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक स्तर पर स्वस्थ अनुभव करते हैं।

### जीवनशैली बदलाव कर इलाज का खर्चा बचाएं

अपनी वर्तमान जीवनशैली में उचित बदलाव लाकर हम अपनी दवाइयों का खर्चा कम कर सकते हैं। केवल उचित खान-पान ही नहीं, वरन उचित विचार एवं उचित आचरण द्वारा ही हम निरोग हो सकते हैं ।

- माता-पिता और अभिभावकों को बच्चों को सही आहार और साफ-सफाई से रहने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनने की भी शिक्षा देनी चाहिए।
- वसायुक्त एवं रेशाहीन आहार तथा शारीरिक श्रम का अभाव डायबिटीस, उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग जैसी बीमारियों के प्रमुख कारण हैं। आज के दौर के पढ़े लिखे माता-पिता भी अपने नन्हे -मुन्नों को पिज्जा और बर्गर खिलाने तथा कोकाकोला आफर करने से गुरेज नहीं करते हैं। इस प्रकार उनका स्वाद फास्ट फूड के लिए विकसित होकर, घर के पौष्टिक खाने को नकारने लगता है।
- अब तो गावों में भी कोकाकोला, चिप्स और ब्रेड का खूब प्रचलन हो गया है। आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम जान बूझ कर रोगों के जाल में फंसते चले जा रहे हैं ।

## स्वस्थ मां की स्वस्थ संतान

किसी भी देश का स्वास्थ्य उसके बच्चों के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है और केवल स्वस्थ मां ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है, परन्तु यह हमारा दुर्भाग्य है कि अधिकांश भारतीय परिवारों में महिलाओं के स्वास्थ्य को वरीयता नहीं दी जाती है।

- पत्नी एवं माता की परम्परागत भूमिका में स्त्री का कर्तव्य परिवार के अन्य सदस्यों की देखभाल करना है, न कि स्वयं अपना भारतीय समाज आज के युग में भी लिंग के आधार पर भूमिकाएं निर्धारित करने में विश्वास रखता है।
- लड़कों को अविचारी और उग्रवादी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है तथा लड़कियों को शर्मीला और सहनशील बनाने का प्रयास होता है। आगे चल कर यही असमानता अपने रंग दिखाना शुरू कर देती है।
- महिलाओं को जीवन पर्यंत भिन्न प्रकार के तिरस्कारों का सामना करना पड़ता है। फिर चाहे वो लिंग आधारित भ्रूण हत्या हो या दहेज न लाने के नाम पर जलाया जाना हो अथवा बलात्कार का शिकार होना हो। जो देश महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानता, वह वास्तव में एक रोगी देश है।

**विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) मानव स्वास्थ्य पर शहरीकरण के प्रभावों को विशिष्ट रूप से दर्शाते हुए शहरों को एक बेहतर रहने लायक जगह बनाने पर जोर देता है।**

## बनें जिम्मेदार नागरिक

जिम्मेदार नागरिकों की हैसियत से हमें अपने रहने के स्थानों में उपवन संस्कृति को फिर से वापस लाना होगा, ताकि खुली हवा में सांस लेते हुए, हम शारीरिक व्यायाम के लाभ उठा सकें। स्कूल, कॉलेजों में खेलकूद और योगाभ्यास को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। मोटर बाइक और कार के स्थान पर युवक -युवतियों में साइकिल चलाना एक आधुनिक फैशन के रूप में विकसित करना होगा ।

## स्वास्थ्य का रखें ख्याल

- रुपयों की इस अंधी दौड़ में भाग कर हम अपने मानसिक एवम् शारीरिक स्वास्थ्य का सत्यानाश कर रहे हैं। अपनी प्रतिभा का विकास करना अच्छी बात है, परन्तु केवल पैसे कमाने के उद्देश्य से नहीं, हम केवल निर्मल आनंद के लिए अपनी नृत्य, गायन, खेलकूद की रुचियों को विकसित क्यों नहीं करते? आधुनिक युग की चूहा दौड़ हमें एक स्वस्थ इंसान से एक बीमार पशु बना रही है ।
- हाल ही में सिंगापुर में हुए एक स्वास्थ्य सेवा सम्मलेन में विशेषज्ञों ने माना कि एशिया की स्वास्थ्य सेवाएं आधुनिक जीवनशैली की व्याधियों के बोझ तले दबी जा रही हैं।
- स्वाइन-बर्ड फ्लू और तपेदिक जैसे संक्रामक रोगों के साथ -साथ आर्थिक सम्पन्नता से जुड़ी हुई असंक्रामक



बीमारियों का भार दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।

- तम्बाकू एवम् धूम्रपान का व्यसन भी भारत समेत अन्य देशों में लाखों लोगों की सेहत पर सवालिया निशान लगा रहा है।
- सिगरेट एवं गुटखा निर्माताओं की आक्रामक विज्ञापन तकनीक के आगे, सारे तम्बाकू विरोधी अभियान असफल सिद्ध होते प्रतीत हो रहे हैं। ये कम्पनियां मर्दानगी, आधुनिकता और तनाव-मुक्ति के नाम पर जनता को विष बेच रही हैं और इनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है।
- तम्बाकू सेवन का सीधा सम्बन्ध श्वास एवं फेफड़े की बीमारियों से है। जैसे कि अस्थमा, तपेदिक आदि। क्या ही अच्छा होता यदि हम तम्बाकूयुक्त पानमसाला चबाने के स्थान पर लौंग, इलाइची या सौंफ जैसी गुणकारी वस्तुओं का सेवन करने की बुद्धि रखते।

## टीकाकरण और स्वच्छता को बढ़ावा

समाज में ऐसे सुधार लाने की आवश्यकता है, जिनके द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं न केवल टीकाकरण और स्वच्छता को बढ़ावा दें, वरन जन मानस को संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन शैली और नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा भी प्रदान करें। यदि हमारे मन में शान्ति, प्रेम, अहिंसा के भाव होंगे तथा हम अमीरी के भड़कीले दिखावे से दूर रहेंगे, तो वास्तव में हमारा जीवन रोगमुक्त हो सकेगा। स्वस्थ रहने के लिए प्रसन्न रहना आवश्यक है और प्रसन्नता तभी मिलेगी, जब हम द्वेष के स्थान पर आनंद बांटे, तभी गांव-गांव और शहर- शहर में एक स्वस्थ और खुशहाल वातावरण बन पाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### थॉमस फ्रैंक बने टोटेनहम के नए हेड कोच, तीन साल के कॉन्ट्रैक्ट पर हुई नियुक्ति

**लंदन।** टोटेनहम हॉटस्पर फुटबॉल क्लब ने डेनमार्क के कोच थॉमस फ्रैंक को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। गुरुवार को क्लब ने घोषणा की कि फ्रैंक ने तीन साल का अनुबंध साइन किया है, जो 2028 तक चलेगा। 51 वर्षीय थॉमस फ्रैंक ने करीब एक दशक तक ब्रेंटफोर्ड क्लब के साथ काम किया और अब वे टोटेनहम में एंजे पोस्टेकोग्लू की जगह लेंगे। पोस्टेकोग्लू को पिछले सप्ताह बर्खास्त कर दिया गया था, हालांकि उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर यूरोपा लीग फाइनल जीतकर टोटेनहम को 17 साल में पहली ट्रॉफी दिलाई थी। टोटेनहम ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, थॉमस फ्रैंक फुटबॉल की दुनिया के सबसे प्रगतिशील और नवाचारपूर्ण कोचों में से एक हैं। उनके पास खिलाड़ियों और टीम को विकसित करने का शानदार रिकॉर्ड है और हम उन्हें नए सीज़न की तैयारी के लिए टीम की कमान सौंपने को लेकर उत्साहित हैं। फ्रैंक ने दिसंबर 2016 में ब्रेंटफोर्ड से जुड़ाव शुरू किया था और 2018 से वे टीम के मैनेजर बने। उन्होंने खुद को एक टैक्टिकली समझदार और लचीले कोच के रूप में स्थापित किया, जो सामान्य या पिछली टीमों में असफल रहे खिलाड़ियों को भी निखारने में माहिर रहे हैं।

### सिफ्त कौर समरा ने किया एसएलआई का समर्थन, कहा- शूटिंग क्रांति का सही समय

**नई दिल्ली।** पंजाब की 23 वर्षीय शूटिंग स्टार सिफ्त कौर समरा ने भारत की पहली शूटिंग लीग (शूटिंग लीग ऑफ इंडिया-एसएलआई) को देश में इस खेल के लिए एक गेम-चेंजर बताया है। एशियाई खेलों 2022 में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन के फाइनल में विश्व रिकॉर्ड 469.6 अंक बनाकर इतिहास रचने वाली सिफ्त को उम्मीद है कि यह लीग न केवल शूटर्स, बल्कि फैन्स और भविष्य की प्रतिभाओं के लिए भी एक नया मंच तैयार करेगी। सिफ्त ने कहा, भारतीय शूटिंग में ऐसा पहली बार हो रहा है और मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ा कदम है। आज भी लोग शूटिंग को लेकर बहुत कुछ नहीं जानते। लीग फॉर्मेट इस खेल को दर्शकों के करीब लाएगा और हमें शूटर के तौर पर एक नया प्लेटफॉर्म देगा—प्रतिस्पर्धात्मक रूप से भी और व्यक्तिगत तौर पर भी। अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहले ही कई पदक जीत चुकीं सिफ्त—जिनमें एशियन गेम्स का गोल्ड और सिल्वर और आईएसएसएफ वर्ल्ड कप का ब्रॉन्ज शामिल है, लीग के उस फॉर्मेट को लेकर खास तौर पर उत्साहित हैं जिसमें भारत के टॉप शूटर एक-दूसरे के खिलाफ टीम राइवलरी में उतरेंगे। उन्होंने कहा, हम आमतौर पर व्यक्तिगत या नेशनल टीम के तौर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं।

#### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का यूरोप दौरा

# भारतीय टीम की लगातार तीसरी जीत, बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प ■ एजेंसी**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे पर शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को बेल्जियम को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। यह मुकाबला एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज्कसे प्लेन में खेला गया। भारत के लिए सोनम (4'), ललथनतलुआंगी (32') और कनिका सिवाच (51') ने गोल किए, जबकि बेल्जियम की ओर से मैरी गोएन्स (37') और मार्टे मैरी (40') ने गोल किए।



मैच की शुरुआत से ही भारत ने आक्रामक तेवर दिखाए। चौथे मिनट में सोनम ने शानदार फील्ड गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हाफ में भारत ने अपनी बढ़त बनाए रखी।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे ललथनतलुआंगी ने 32वें मिनट में गोल में बदलकर स्कोर 2-0 कर दिया।

इसके बाद बेल्जियम ने जोरदार वापसी की। 37वें मिनट में मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक के ज़रिए पहला गोल किया और फिर 40वें मिनट में मार्टे मैरी ने फील्ड गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

चौथे क्वार्टर में जब खेल खत्म होने में केवल 9 मिनट बाकी थे, तब कनिका सिवाच ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए भारत को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिलाई और टीम की जीत सुनिश्चित की।

बेल्जियम पर लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद अब भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप दौरे में अगला मुकाबला 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

#### स्टटगार्ट ओपन 2025

## अलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जस्टिन एंगेल ने रचा इतिहास



**स्टटगार्ट ■ एजेंसी**

जर्मनी के शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को फ्रांस के कोरेंटिन मौटे को 6-2, 7-6(7) से हराकर स्टटगार्ट ओपन 2025 के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। यह टूर्नामेंट विंबलडन की तैयारी के लिहाज़ से बेहद अहम माना जा रहा है। फ्रेंच ओपन में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय करने वाले ज्वेरेव ग्रास कोर्ट पर अब तक संघर्ष करते आए हैं और उन्होंने अभी तक इस सतह पर कोई खिताब नहीं जीता है।

28 वर्षीय ज्वेरेव ने पहला सेट आसानी से जीत लिया, लेकिन दूसरे सेट में मौटे ने कड़ी टक्कर दी। हालांकि, टाईब्रेकर में ज्वेरेव ने अनुभव का फायदा उठाकर मैच अपने नाम किया। उन्होंने कहा, मैं 6-2, 6-2 से जीतना पसंद करता, लेकिन मैच में ऐसा नहीं चुन सकते। जीत सबसे अहम होती है और मैं खुश हूं कि कल फिर खेलने का मौका मिलेगा। कनाडा के चौथे वरीय फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने जियोवानी म्पेची पेरिकार्ड को 6-4, 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। यह जीत उनके लिए 2022 के बाद पहली ग्रास कोर्ट जीत है। अब उनका मुकाबला जर्मनी के 17 वर्षीय वाइल्डकार्ड खिलाड़ी जस्टिन एंगेल से होगा। एंगेल ने अमेरिकी सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स मिकेलसन को 6-4, 6-4 से हराकर सबको चौंका दिया। उन्होंने दोनों सेटों में 2-1 की बढ़त बनाई और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम यूरोप में एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के अहम मुकाबलों के लिए तैयार



**लंदन ■ एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 (महिला) के दूसरे और अंतिम चरण के मुकाबलों के लिए तैयार है। यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन से होगा। फिलहाल 9 अंकों के साथ छठे स्थान पर काबिज भारतीय टीम 14 और 15 जून को लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद टीम 17 और 18 जून को अर्जेंटीना से भिड़ेगी।

**14-15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगी भारतीय पुरुष और महिला टीमें**

आगामी मुकाबलों को लेकर टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हम इस चरण में अपने से ऊपर रैंकिंग वाली टीमों को हराएं। हमने अपनी तैयारियों के तहत हर मैच की रिकॉर्डिंग की है और प्रदर्शन की समीक्षा की है, ताकि कमियों को सुधारने के साथ-साथ अपनी ताकत को पहचान सकें और उसे बरकरार रख सकें।

लंदन के मैचों के बाद भारतीय महिला टीम 21 और 22 जून को एंटवर्प में बेल्जियम से भिड़ेगी। इसके बाद टीम का आखिरी मुकाबला 28 और 29 जून को बर्लिन में चीन के खिलाफ होगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम भी 14 और 15 जून को एंटवर्प में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला करेगी। टीम वर्तमान में 15 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है और शीर्ष तीन में बने रहने के लिए उसे इन मुकाबलों में जीत हासिल करनी होगी।

भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बेहद जरूरी है। इससे हमें न केवल जरूरी अंक मिलेंगे, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी। पिछली चार भिड़ंतों में हम बेहद करीबी मुकाबलों में हारे हैं, लेकिन अब हम इस क्रम को तोड़ना चाहते हैं और जीत की राह पर लौटना चाहते हैं।

एफआईएच प्रो लीग के इन अहम मुकाबलों में दोनों भारतीय टीमें जीत की उम्मीद के साथ मैदान में उतरेंगी।

## व्यापार

## संक्षिप्त समाचार

### सोना फिर एक लाख रुपये के पहुंचा पार, चांदी भी चमकी



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की वजह से सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। सोने की प्रति 10 ग्राम का भाव फिर एक लाख रुपये के पार पहुंच गई है। चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक?स) पर सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई। चांदी की कीमत भी 1,100 रुपये बढ़कर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों का रुझान सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ने से सोने के दाम में तेजी रही। एमसीएक्स पर सोना आज 1,108 रुपये यानी 1.12 फीसदी बढ़कर 99,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला था, जबकि गुरुवार को सोना 98,392 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इससे पहले 22 अप्रैल को सोना 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार छह जून को समाप्त हफ्ते में 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते में 30 मई को विदेशी मुद्रा भंडार 1.24 अरब डॉलर घटकर 691.48 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया है कि छह जून को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.58 अरब डॉलर बढ़कर 85.88 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.67 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.4 अरब डॉलर पहुंच गया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# केंद्र ने ईवी, हरित ऊर्जा क्षेत्रों के युवाओं को कौशल प्रदान करने शेल इंडिया के साथ हाथ मिलाया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों के युवाओं के कौशल विकास के लिए शेल इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। इस साझेदारी के तहत देश के चुनिंदा आईटीआई और एनएसटीआई में छात्रों को हरित कौशल और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।



कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि एमएसडीई के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने के लिए शेल इंडिया के साथ हाथ मिलाया है, जो युवाओं को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और हरित ऊर्जा क्षेत्रों के लिए कौशल प्रदान करेगा। यह कार्यक्रम शेल के कार्यान्वयन साझेदार एड्युनेट फाउंडेशन द्वारा 5 राज्यों में क्रियान्वित किया जाएगा। इसके जरिए हजारों छात्रों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा में उद्योग-तैयार कौशल प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय एमएसडीई और शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने कहा कि शेल इंडिया के साथ हमारा सहयोग कौशल को स्थिरता के साथ जोड़ने की सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और व्यापक जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय अनिवार्यताएं नहीं हैं। वे भारत के लिए नवाचार, प्रतिभा और उद्यम के माध्यम से नेतृत्व करने के लिए एक पीढ़ीगत अवसर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

मंत्रालय के अनुसार ग्रीन स्किल्स और ईवी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को हरित ऊर्जा और ई-मोबिलिटी में भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं से लैस करना है। यह पहल ऐसे समय में की गई है जब सरकार अपनी नेट-जीरो महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप हरित ऊर्जा और ईवी अपनाने को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय की महानिदेशक त्रिशालजीत सेठी ने कहा कि शेल इंडिया के साथ यह साझेदारी हमारे आईटीआई और एनएसटीआई में अत्याधुनिक प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम लाने की दिशा में एक केंद्रित पहल है। वहीं, भारत के हरित अर्थव्यवस्था दृष्टिकोण के अनुरूप यह पहल तेजी से विकसित हो रहे ऊर्जा क्षेत्र में प्रमाणन, नियोजन सहायता और हरित रोजगारों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी।

उल्लेनीय है कि इन राष्ट्रीय प्रयासों को पूरक बनाते हुए दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव को तेज़ करने, स्थानीय ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने और हरित रोजगारों का सृजन करने के लिए अपनी स्वयं की ईवी नीतियां पेश की हैं। ये विकास हरित ऊर्जा और ईवी क्षेत्रों में कुशल कार्यबल की बढ़ती मांग को रेखांकित करते हैं।

### गोयल ने स्वीडन के उद्यमियों के साथ की बातचीत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्टॉकहोम की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के पहले दिन स्वीडन सरकार के वरिष्ठ सदस्यों और उद्योग जगत की हस्तियों के साथ बैठकों में द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों का विस्तार करने, व्यापार और निवेश प्रवाह को बढ़ाने और उभरते क्षेत्रों में सहयोग के नये रास्ते निकालने के बारे में चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा कि गोयल ने स्वीडन के अंतरराष्ट्रीय विकास सहयोग और विदेश व्यापार मंत्री बेंजामिन डौसा और विदेश व्यापार के राज्य सचिव महामहिम हाकन जेवरेल से मुलाकात की।

### एयर इंडिया विमान दुर्घटना के राहत कार्यों में हर संभव मदद करेगी रिलायंस : अंबानी



**नई दिल्ली।** देश के दिग्गज उद्योगपति एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को एयर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत कार्यों में पूर्ण सहयोग की पेशकश की।

आरआईएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि वह और उनकी पत्नी नीता अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी एवं व्यथित हैं। हम इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। मुकेश अंबानी ने आगे लिखा है,' 'दुख की इस घड़ी में, रिलायंस चल रहे राहत प्रयासों को अपना पूर्ण और अटूट समर्थन देता है तथा हर संभव तरीके से सहायता करने के लिए तैयार है। हम प्रार्थना करते हैं कि प्रभावित सभी लोगों को इस अकल्पनीय क्षति से उबरने की शक्ति और सांत्वना मिले। ओम शांति। उल्लेखनीय है कि गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एयर इंडिया का बोइंग 787-8 विमान गुरुवार को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई थी। एक यात्री जिंदा बचा है। एयर इंडिया के अनुसार इस विमान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश नागरिक, सात पुर्तगाली नागरिक और एक कनाडाई नागरिक सवार थे, उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान में आग लग गई।

#### वित्त मंत्री सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ वार्षिक समीक्षा करेंगी

## निर्मला सीतारमण 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रमुखों से मुलाकात करेंगी। बैठक में बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।



आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती के बीच वित्त मंत्री की अध्यक्षता में 27 जून को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ होने वाली बैठक में वार्षिक वृद्धि की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही वित्त मंत्री सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन और चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उनके लक्ष्यों की समीक्षा करेंगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के नीतिगत दरों रेपो रेट में 50 आधार अंकों यानी 0.50 फीसदी की भारी कटौती के बाद वित्त मंत्री सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उत्पादक क्षेत्रों को अपना ऋण बढ़ाने का आग्रह कर सकती हैं, ताकि आर्थिक विकास दर को बढ़ावा दिया जा सके, जो वित्त वर्ष 2024-25 में चार साल के निचले स्तर 6.5 फीसदी पर पहुंच गई है।

#### एलआईसी ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना के पीड़ितों के लिए राहत की घोषणा की

## पीड़ितों के दावों के निपटान में मिलेगी राहत

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के प्रभावित परिवारों की सहायता करने और दावों का त्वरित निपटान करने के लिए कई विशेष उपायों की घोषणा की है। कंपनी ने प्रक्रिया आसान बनाने के लिए कई मानदंडों में ढील दी है।




कंपनी के मुताबिक पॉलिसीधारक की मृत्यु की पुष्टि करने वाले किसी भी सरकारी रिकॉर्ड यानी केंद्र, राज्य सरकार या एयरलाइन कंपनी से मिले मुआवजे के दस्तावेज को मृत्यु के वैध प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जायेगा। इसके लिए वे 022-68276827 पर और एलआईसी हेल्पलाइन नंबर पर भी कॉल कर सकते हैं। बीमा कंपनी ने कहा कि दावेदार सहायता के लिए अपनी निकटतम एलआईसी शाखा, डिवीजन कार्यालय या ग्राहक क्षेत्र से संपर्क कर सकते हैं।

एलआईसी ने कहा कि वह विमान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों के साथ-साथ जमीन पर मौजूद नागरिकों की जान जाने से बहुत दुखी है। कंपनी पीड़ितों के परिवारों को वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने यह भी आश्वासन दिया है कि प्रभावित परिवारों तक सक्रिय रूप से पहुंचने और निपटान प्रक्रिया में तेज़ी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बीमा कंपनी ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए कार्यकारी निदेशक (सीसी), भारतीय जीवन बीमा निगम, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई। ईमेल आईडी- ed_cc@licindia.com हमें www.licindia.in पर देखें और कृपया संपर्क करें।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशी महिला घुसपैठिए को पकड़ा, अब तक 145 पर हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने एक बांग्लादेशी महिला घुसपैठिए को गिरफ्तार कर उसे डिपोर्टेशन सेंटर भेज दिया है। पकड़ी गई महिला कुलसुम बेगम (23) बांग्लादेश के ग्राम जमरिलडांगा की रहने वाली है। वह भारत में घुसपैठ कर जंगल के रास्ते से दिल्ली पहुंची थी। दिल्ली में पिछले साल दिसंबर में अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 145 बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई हो चुकी है। दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने शुक्रवार को बताया कि यह कार्रवाई दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति का हिस्सा है, जिसमें अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि महिला से पूछताछ के बाद उसको विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे जल्द ही बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। पुलिस अधिकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम जिले की पुलिस अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है।

### अभिनेत्री करिश्मा के पूर्व पति संजय कपूर का निधन

**मुंबई।** भारतीय अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और मशहूर व्यवसायी संजय कपूर का गुरुवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 53 वर्षीय संजय कपूर पोलो खेलते समय अचानक बेहोश हो गए थे। अभिनेता सुहेल सेठ ने संजय कपूर के निधन की सूचना एक्स हैंडल पर साझा की। सुहेल ने एक्स पर लिखा, ' संजय कपूर के निधन पर बहुत दुख हुआ। इंग्लैंड में उनका निधन हो गया। यह एक बहुत बड़ी क्षति है और उनके परिवार और उनके सहकर्मियों के प्रति गहरी संवेदनाएं। ओम शांति। वर्ष 2003 में 29 सितंबर को दोनों ने मुंबई में अभिनेत्री के पैतृक घर कृष्णा राज बंगले में धूमधाम से शादी की थी। संजय और करिश्मा के दो बच्चे हैं -बेटी समायरा और बेटा कियान। 2014 में इस जोड़े ने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल की। 2016 में इस जोड़े का तलाक हो गया। इसके बाद संजय ने प्रिया सचदेव से शादी की।

### इजराइल और ईरान में रहने वाले भारतीयों के लिए दूतावासों ने जारी की सलाह

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल और ईरान के बीच बढ़ रहे टकराव से दोनों देशों में स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने भारतीय नागिरकों के लिए सलाह जारी की है। भारतीय नागरिकों से सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया गया है। इजराइल में भारतीय दूतावास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर आज सुबह इजराइल में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड के सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। सभी सावधानी बरतने की गुजारिश भी की गई है। सलाह में कहा गया है कि देश के भीतर अनावश्यक यात्रा करने से बचें और सुरक्षा आश्रयों के करीब रहें। इससे पहले ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भी एक्स हैंडल पर ईरान में रहने वाले भारतीय नागरिकों के लिए सलाह जारी की।

### श्रीलंका आर्मी के कमांडर ने किया जयपुर का दौरा

**जयपुर।** श्रीलंका आर्मी के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएमएल रोड्रिगो 12-13 जून को सप्त शक्ति कमान के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। जनरल ऑफिसर का स्वागत दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने किया। श्रीलंका आर्मी के कमांडर ने दक्षिण पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर और अधिकारियों के साथ बातचीत की तथा बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और अनुभवों को साझा किया। दोनों जनरल अधिकारियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा, संयुक्त प्रशिक्षण पहल, क्षमता विकास और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान पर विस्तृत चर्चा की। लेफ्टिनेंट जनरल बी के जी एम एल रोड्रिगो ने एक उपकरण प्रदर्शन और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर एक युद्ध प्रदर्शन भी देखा। अपने सैन्य कार्यक्रमों के अलावा लेफ्टिनेंट जनरल रोड्रिगो ने सैन्य और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा किया, जहां उन्होंने राजस्थान की समृद्ध सैन्य और सांस्कृतिक विरासत को देखा। लेफ्टिनेंट जनरल रोड्रिगो का दौरा श्रीलंका और भारत दोनों देशों के बीच अपने मजबूत रक्षा सहयोग को गहरा करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो दशकों के साझा इतिहास, आपसी विश्वास और क्षेत्रीय साझेदारी से निर्मित हुआ है। यह दोनों सेनाओं के बीच सौहार्द और व्यक्तिगत संबंधों, क्षमता निर्माण, सैन्य प्रशिक्षण और क्षेत्रीय चुनौतियों के लिए समन्वित प्रतिक्रिया को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में काम करेगा।

### अमृतसर की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई

# दो तस्कर गिरफ्तार, 4.5 किलोग्राम हेरोइन और 11 लाख ड्रग मनी बरामद

**चंडीगढ़ ■ एजेंसी**

अमृतसर की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) बार्डर रेंज ने दो तस्करों को गिरफ़्तार करके सरहद पार से नारकोटिक्स तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इनके कब्ज़े से 4.5 किलो हेरोइन और 11 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।



पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ़्तार तस्करों की पहचान गांव धनोए खुर्द निवासी गुरभेज सिंह उर्फ भेजा और गांव माहल निवासी अभिजीत सिंह उर्फ हैपी के तौर पर हुई है। प्राथमिक जांच से पता लगा है कि गुरभेज पाकिस्तानी तस्कर राणा के संपर्क में था और खेप की डिलीवरी के लिए तालमेल कर रहा था। उन्होंने कहा कि अपनी गिरफ़्तारी से कुछ दिन पहले उसने इस हेरोइन की खेप को ड्रोन के जरिये पहुंचाने का प्रबंध किया था। गुरभेज ने इसमें अपने अन्य साथियों समेत अभिजीत सिंह को भी शामिल किया था।

डीजीपी ने कहा कि ख़ुफ़िया जानकारी के आधार पर एएनटीएफ बार्डर रेंज अमृतसर की टीमों ने दोनों मुलजिमों को उस समय गिरफ़्तार किया, जब वह हेरोइन को आगे बेचने की कोशिश कर रहे थे। उनके कब्ज़े से हेरोइन और ड्रग मनी बरामद करने के इलावा पुलिस टीमों ने उनका स्कूटर भी ज़ब्त कर लिया है।

उन्होंने कहा कि पूरी स्पलाई चेन को ख़त्म करने के लिए आगे जांच जारी है और आगामी दिनों में और गिरफ़्तारियां और बरामदगियां होने की संभावना है।

### पश्चिम बंगाल में 22 रोहिंग्या गिरफ्तार, 10 वर्षों से पहचान छुपा कर भारत में रह रहे थे

**कोलकाता।** म्यांमार से बांग्लादेश होते हुए भारत में दाखिल हुए 22 रोहिंग्या नागरिकों को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना ज़िले के बसिरहाट उपमंडल के शायस्ता नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन्हें उस समय पकड़ा जब वे गुपचुप तरीके से सीमा पार कर बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार को सभी आरोपितों को अदालत में पेश किया गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार तड़के शायस्ता नगर एक नंबर ब्लॉक के लवंग इलाके में 22 संदिग्ध लोगों को घूमते देखा गया। स्थानीय निवासियों को उन पर शक हुआ और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची बादुड़िया थाना पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जांच में कोई वैध दस्तावेज न मिलने पर पुलिस को संदेह हुआ। बाद में पूछताछ में उन्होंने माना कि वे बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार लोगों में पांच महिलाएं, चार पुरुष और 13 नाबालिग शामिल हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे करीब 10 वर्ष पहले म्यांमार से बांग्लादेश के रास्ते अवैध रूप से भारत आए थे और उसके बाद हैदराबाद सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे थे। इस दौरान उन्होंने नाम और पहचान छुपा रखी थी।



## उन्नत नैदानिक देखभाल, उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता को एकीकृत करता है एम्सः नड्डा

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के रूप में स्थापित प्रत्येक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) उन्नत नैदानिक देखभाल, उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान उत्कृष्टता को एकीकृत करता है। प्रत्येक एम्स स्वास्थ्य सेवा नवाचार और एक-दूसरे से सीखने के केंद्र के रूप में कार्य करता है, जिससे अस्पताल में समान, सस्ती और साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाती है। एम्स सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने, देखभाल के मानकों को बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवा नेताओं की एक नई पीढ़ी को विकसित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। जेपी नड्डा शुक्रवार को नागपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मंत्रालय द्वारा आयोजित सर्वोत्तम प्रथाओं पर सम्मेलन के पहले संस्करण को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। इस दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न एम्स संस्थानों द्वारा अपनाई गई अनुकरणीय प्रथाओं को प्रदर्शित करना है, जिसमें रोगी-केंद्रित देखभाल, परिचालन दक्षता, डिजिटल परिवर्तन और अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसमें देशभर के एम्स संस्थानों (एम्स भोपाल, एम्स जम्मू, एम्स बिलासपुर, एम्स जोधपुर, एम्स नागपुर, एम्स देवघर, एम्स पटना, एम्स गोरखपुर, एम्स गुवाहाटी, एम्स रायपुर) के साथ-साथ प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना



(पीएमएसएसवाई) प्रभाग और रक्षा मंत्रालय की भी भागीदारी है। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का उद्घाटन भाषण दिया। इस मौके पर जेपी नड्डा ने कहा यह सम्मेलन एक अग्रणी पहल है, जो तीन प्रमुख क्षेत्रों में नए एम्स के समृद्ध अनुभवों को समेकित करने का प्रयास करता है जिसमें शिक्षण-अधिगम और अनुसंधान; अस्पताल सेवा; और शासन -रोगी सुविधा शामिल है। नड्डा ने भविष्य की स्वास्थ्य सेवा चुनौतियों का सामना करने के लिए डॉक्टरों को तैयार करने में एम्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षण-अधिगम के क्षेत्र में, योग्यता आधारित चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम को अपनाना, डिजिटल शिक्षण में निवेश, अत्याधुनिक सिमुलेशन प्रयोगशालाएं और मेंटरशिप कार्यक्रमों का कार्यान्वयन शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का संकेत देता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नए एम्स क्षेत्रीय रूप से प्रासंगिक अध्ययनों, नैतिक नैदानिक परीक्षणों और अनुवाद संबंधी शोध के माध्यम से भारत की वैज्ञानिक प्रगति में तेजी से योगदान दे रहे हैं।

### सिक्किम के राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट की



**गंगटोक।** सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को सिक्किम में चल रही विभिन्न विकासात्मक पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने राज्य की प्रगति से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। राज्यपाल ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान सिक्किम के सीमावर्ती क्षेत्रों में सतत विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों सहित सामरिक महत्व के मुद्दों पर दोनों के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

## महिला सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग और सेतु आयोग के बीच समझौता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राष्ट्रीय महिला आयोग और उत्तराखंड के सेतु आयोग के बीच शुक्रवार को विकसित एवं सशक्त उत्तराखंड को लेकर महिला सशक्तीकरण विषय के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए एक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर और सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी के बीच संपन्न हुआ।

इस समझौते का उद्देश्य राज्य में महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आर्थिक भागीदारी एवं विधिक जागरूकता को सुदृढ़ करना है। प्रस्तावित कार्यक्रमों में एकीकृत ग्रामीण स्मार्ट गांव केंद्रों की स्थापना, विवाह पूर्व संवाद केंद्र, उच्च शिक्षण संस्थानों में महिला सुरक्षा एवं संरक्षण पर केंद्रित



प्रशिक्षण तथा कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित एवं समावेशी बनाए जाने जैसे लक्ष्य सम्मिलित हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका केंद्रबिंदु में होगी, जिसमें आयोग महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में अर्जित अनुभव के आधार पर तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा।

इसके साथ उत्तराखंड की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण सामग्री, मॉड्यूल एवं ज्ञान संसाधनों का विकास करना, राष्ट्रीय स्तर पर अपनाई गई सर्वोत्तम प्रक्रियाएं साझा करना, राज्य स्तरीय पहलों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ने में सहायक बनना, सम्बंधित हितधारकों के क्षमता निर्माण हेतु विशेष कार्यशालाओं का आयोजन करना शामिल है। वहीं सेतु आयोग परियोजनाओं की रणनीतिक रूपरेखा, संसाधनों के समन्वयन, निगरानी तथा राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप दिशा-निर्देश प्रदान करेगा।

## आयुष मंत्रालय वैश्विक शिखर सम्मेलन 'योग कनेक्ट' की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम के रूप में शनिवार को आयुष मंत्रालय विज्ञान भवन में हाइब्रिड रूप से वैश्विक शिखर सम्मेलन 'योग कनेक्ट' की मेजबानी करेगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत और विदेश दोनों से योग गुरुओं, नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, व्यापारिक नेताओं, शोधकर्ताओं और वैश्विक प्रभावशाली लोगों का एक प्रतिष्ठित समूह एक साथ आएगा। इस कार्यक्रम का समन्वय योग और प्राकृतिक चिकित्सा में अनुसंधान के लिए केंद्रीय परिषद द्वारा किया जा रहा है, जो योग के क्षेत्र में शीर्ष शोध निकाय है।

योग कनेक्ट' एक हाइब्रिड प्रारूप में होगा, जिसमें 1,000 से अधिक व्यक्तिगत प्रतिभागियों के साथ-साथ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय योग संस्थानों और कल्याण समुदायों के आभासी उपस्थितगण शामिल होंगे। बहरीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और दक्षिण कोरिया सहित चार से अधिक देशों के विशेषज्ञ इस




शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। आयुष मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि शिखर सम्मेलन में 'योग प्रभाव' रिपोर्ट का विमोचन होगा जिसमें पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रभाव का आकलन करने वाला एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन शामिल होगा। यह रिपोर्ट शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी, क्योंकि यह देशभर में आईडीवाई पहलों की पहुंच, प्रभावशीलता और परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करेगी। इसके अलावा इस मौके पर देशी भारतीय वृक्षों के महत्व और उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालने वाली एक पुस्तिका जारी की जाएगी। इस सम्मेलन में विभिन्न विषयगत सत्र शामिल होंगे जिनमें गैर-संचारी रोगों की रोकथाम के लिए योग सामान्य योग प्रोटोकॉल पर अध्ययन, जीवन के विभिन्न चरणों में योग, महिला स्वास्थ्य के लिए योग शामिल है। इस कार्यक्रम में स्वामी बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, एचआर नागेंद्रजी, परम पावन बिक्खू संघसेना और भारत भूषण शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि 'योग कनेक्ट' भारत के वैश्विक योग आंदोलन के दस साल पूरे होने का प्रतीक है, जिसकी शुरुआत 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किए जाने के साथ हुई थी। योग को यूनेस्को द्वारा भी विश्व को भारत का उपहार माना गया है।

## पहले जत्थे के साथ कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का हुआ शुभारंभ

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025 का पहला जत्था आज रवाना किया गया। विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने जवाहरलाल नेहरू भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने यात्रियों को उनके चयन पर बधाई दी और सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मंत्री ने केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की भूमिका की सराहना की। इनमें रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, दिल्ली, उत्तराखंड और सिक्किम राज्य सरकारें तथा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने यात्रा के फिर से आरंभ होने में चीनी पक्ष के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा धार्मिक आस्था के साथ ही भारत-चीन सांस्कृतिक संबंधों का भी प्रतीक मानी जाती है। सरकार ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और संचार के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा इस साल



जून से अगस्त के बीच आयोजित की जा रही है। इस वर्ष कुल 15 जत्थों को रवाना किया जाएगा। इनमें उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे के माध्यम से 5 जत्थे और सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे के माध्यम से 10 जत्थे शामिल हैं। प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री होंगे। दोनों मार्ग अब पूर्णतः मोटरेबल हो चुके हैं। यात्रियों को पहले की तुलना में बहुत कम पैदल यात्रा करनी होगी। इससे वरिष्ठ नागरिकों और अन्य यात्रियों के लिए यात्रा पहले से अधिक सुलभ हो गई है।

ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से इस वर्ष कुल 5561 लोगों ने आवेदन किया। इनमें 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं थीं। इसमें से कुल 750 यात्रियों का चयन किया गया है, जिनमें प्रत्येक जत्थे के साथ 2 दल नेता भी शामिल रहेंगे।

### संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंटके समापन समारोह में शामिल हुए रक्षा सचिव

# भारत और मंगोलिया ने नए और उभरते प्रौद्योगिकी डोमेन पर विशेष ध्यान दिया



*नई दिल्ली ■ एजेंसी*

*भारत और मंगोलिया ने द्विपक्षीय बैठक में रक्षा सहयोग और मजबूत करने के उद्देश्य से कई मुद्दों पर चर्चा की है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और मंगोलियाई रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव ब्रिगेडियर जनरल गंखुयाग देवदोरज के साथ उलानबटार में हुई द्विपक्षीय बैठक में नए और उभरते प्रौद्योगिकी डोमेन पर विशेष ध्यान दिया गया।*

*भारत-मंगोलिया संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफेंट का 17वां संस्करण शुक्रवार को मंगोलिया के उलानबटार में संपन्न हुआ। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के साथ ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और स्ट्रैटेजिक मूवमेंट के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने समापन समारोह में भाग लिया। दो सप्ताह तक चले अभ्यास में भारतीय सेना की टुकड़ी सक्रिय रूप से शामिल हुई, जिसमें मुख्य रूप से अरुणाचल स्काउट्स की एक बटालियन के 45 कर्मियों ने भाग लिया। संयुक्त प्रशिक्षण का फोकस संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में अर्ध-पारंपरिक परिदृश्यों में एक संयुक्त टास्क फोर्स के रूप में काम करते हुए भारतीय सेना और मंगोलियाई सशस्त्र बलों के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना था। समापन समारोह में रक्षा सचिव ने नोमैडिक एलीफेंट अभ्यास के दौरान भारतीय सैनिकों की व्यावसायिकता, समर्पण और आचरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास भारत और मंगोलिया के बीच दोस्ती, आपसी विश्वास और साझा सांस्कृतिक संबंधों के स्थायी बंधन का प्रमाण है। इसने सार्थक सैन्य सहयोग के लिए एक मंच के रूप में काम किया और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।*

**सतपुड़ा वर्कर्स सहकारी साख एवं कामगार समिति मर्यादित, होशंगाबाद (नर्मदापुरम),**
**कमिश्नर कालोनी के पास पिपरिया रोड होशंगाबाद (नर्मदापुरम) म.प्र.**
**Phone No. 07574-254394 (O) Fax, 07574-252133 E-mail: ddsatnp.hbd@mp.gov.in**
Satpuda Tiger Reserve

पत्र क्रमांक/संस्था/ 202 नर्मदापुरम्, दिनांक 13/06/2025

**विशेष साधारण आमसभा बैठक सूचना**

सतपुडा वर्कर्स साख सहकारी एवं कामगार समिति, मर्यादित होशंगाबाद (नर्मदापुरम) के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की विशेष साधारण आमसभा संस्था के 124 सदस्यो की सहमति से विशेष साधारण आमसभा का आयोजन दिनांक 25.06.2025 समय दोपहर 02:00 बजे से संस्था के पर्यटन स्थल वन विद्यालय पचमढी में आयोजित की गयी है। विशेष साधारण आमसभा में संस्था के उपविधियों के संशोधनों पर विचार कर निर्णय लिया जावेगा। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**बैठक एजेण्डा निम्नानुसार है :-**

1. संस्था की उपविधियों के संशोधन पर विचार।

**उपसंचालक एवं अध्यक्ष**
**सतपुड़ा वर्कर्स साख एवं सहकारी**
**कामगार समिति मर्यादित**
**नर्मदापुरम्**

जी14331/25

## इंदिरा चौक पर सामाजिक संगठनों ने प्लेन हादसे में मृतकों के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया



**नर्मदापुरम।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश हादसे में मृत लोगों को श्री समर्पण श्री परिवार द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि स्थानीय इंद्रा चौक पर दी गई और परमपिता परमेश्वर से हादसे में मृत लोगों की आत्म की शांति के लिए प्रार्थना की गई कि परमपिता परमेश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें श्रद्धांजलि में मोमबत्ती जलाकर और 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। इस श्रद्धांजलि में श्री समर्पण श्री संस्था के संरक्षक डॉ अतुल सेठा, संजीव मिश्रा, स्वदेश सैनी, रहमान खान, विशाल चावरिया, राज खिल्लारे, रोहित कलोसिया ,वीरू पटवा ,अमर शर्मा, आकाश सोनी, राजू आसरे पंकज वेध, अनुज सोनी, सब्बू अंसारी, रानू खान, अमन चुटिले, केतन बरगले, जस्सी बाबरा, अंकित सराठे, जुनेद ताजी, ऋषभ शर्मा, शुभम तिवारी , एवं अनेक नागरिक वहां पर मौजूद रहे।

### स्वच्छता अभियान 2.0 प्रारंभ: बारिश पूर्व बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान जारी

## आदमगढ़ क्षेत्र के बड़े नाले नालियों का गहरीकरण और चौड़ीकरण प्रारंभ

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

बारिश में बैक वाटर और जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए नगरपालिका क्षेत्र के बड़े नाले नालियों का सफाई अभियान 2.0 जोर शोर से शुरू हो गया है। नगर के प्रमुख आदमगढ़ नाला सहित अन्य नालों को पोकलेन की मदद से चौड़ीकरण और गहरीकरण किया जा रहा है। साथ ही नालों की झाड़ियों को भी हटाया जा रहा है। जिससे कि बारिश का पानी आसानी से नगर की सीमा सेबाहर निकल जाए। पोकलेन की मदद से नाले नालियों भारी मात्रा में जमा गाद को निकालकर व्यवस्थित किया जा रहा है।



**होती थी परेशानी:** स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर स्वच्छता अभियान 2.0 प्रारंभ कर दिया गया है। शुक्रवार को आदमगढ़ क्षेत्र में बड़े नाले में पोकलेन की मदद से गहरीकरण और चौड़ीकरण किया गया। आदमगढ़ क्षेत्र के नागरिकों को बारिश के दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन अब नाले के चौड़ीकरण और गहरीकरण हो जाने के कारण बारिश का पानी निकाल जाएगा और नागरिकों को समस्या उत्पन्न नहीं होगी। जलभराव की स्थिति भी नहीं बनेगी।

### नाले नालियों का सफाई कार्य जारी

बारिश पूर्व बड़े नाले नालियों की सफाई अभियान 2.0 प्रारंभ हो गया है। बाजार क्षेत्र में भी बड़े नाले, नालियों की सफाई की जा रही हैं। पानी निकासी के मार्ग में जितने भी अवरोध थे उन्हें पोकलेन की मदद से हटाया जा रहा है। नागरिकों से आग्रह है कि जिन्होंने भी नाले नालियों पर अतिक्रमण कर रखा है वे तुरंत ही अतिक्रमण हटा लें, जिससे स्वच्छता अभियान 2.0 में किसी प्रकार की गतिरोध उत्पन्न न हो।

नीतू महेंद्र यादव
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम

### संक्षिप्त समाचार

## म.प्र. शासन के मंत्रीगण आज पचमढी प्रवास पर रहेंगे

**नर्मदापुरम।** म.प्र. शासन के मंत्रीगण 14 जून को पचमढी में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके लिए मंत्रीगण 13 जून की सायं ही पचमढी पहुंचेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, पचमढी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होगें। इसी क्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, नगरीय विकास एवं आवास तथा संसदीय कार्य विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गी, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास विभाग मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन, न्याय व अधिकारिता मंत्री भारत सरकार डॉ वीरेन्द्र कुमार पचमढी प्रवास पर रहेंगे।

## राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना से 04 माह के विभम हुआ लाभांवित

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है, जिसमें 4 महीने के बच्चे विभम मेहरा का जन्मजात कटे होंठ (क्लेफ्ट लिप) का निशुल्क ऑपरेशन हुआ है। विभम के पिता अभिषेक मेहरा और माता भावना ने बताया कि उन्हें अपने बच्चे की इस समस्या के बारे में पता था, लेकिन वे इसका इलाज कराने में असमर्थ थे। आरबीएसके की शहरी टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में विभम का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उसके पिता को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र नर्मदापुरम में ले जाने की सलाह दी गई। जहां पर जिला समन्वयक कविता साल्वे ने दस्तावेज तैयार कर सीएमएचओ से अप्रूव कराकर विभम को उच्च इलाज ऑपरेशन हेतु लेक सिटी हॉस्पिटल भोपाल भेजा। 25 अप्रैल 2025 को लेक सिटी हॉस्पिटल में विभम का निशुल्क क्लेफ्ट लिप फटे होंठ का सफल ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ।

## स्टाम्प वेंडर ने 500 का स्टाम्प 800 में बेचा

**हरदा।** हरदा में टिमरनी के एक स्टाम्प वेंडर द्वारा 500 रुपए के स्टाम्प के 800 रुपए लेने की शिकायत के बाद जिला पंजीयक दिनेश कुमार कौशले ने कार्रवाई की। उन्होंने इस वर्ष पहली बार न्यायालय परिसर हरदा और आसपास के लाइसेंसधारी स्टाम्प वेंडर और सेवा प्रदाताओं के कार्यस्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर न्यायालय परिसर के चार स्टाम्प वेंडर सुशांत मिश्रा, जयशंकर दुबे, बसंत राजपूत और संदीप शर्मा के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। इसी तरह वरदान कॉम्प्लेक्स न्यायालय परिसर के सामने स्थित सेवा प्रदाता अजय शर्मा और दीपाली गार्गव के भी लाइसेंस निलंबित किए गए।

### जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का राशन जून माह में ही वितरित

## जिले के पात्र परिवारों को किया जा रहा तीन माह का राशन एकमुश्त वितरित

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

मध्यप्रदेश शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा पात्र परिवारों को तीन माह (जून, जुलाई एवं अगस्त 2025) का राशन एकमुश्त वितरित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त वितरण प्रक्रिया के तहत जून 2025 में,पीओएस मशीन पर हितग्राहियों का तीन बार बायोमेट्रिक सत्यापन उपरांत राशन का वितरण किया जा रहा है।

जिले के कुल 204448 पात्र परिवारों के कुल 825227 हितग्राहियों को कुल आवंटन 13114 मेट्रिक टन मात्रा के विरुद्ध मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजनान्तर्गत कार्यरत परिवहनकर्ता के वाहन से खाद्यान्न उठाव कर शा.उ.मूल्य. दुकान पर सतत् किया जा रहा है एवं कुल आवंटन 13114 में.टन मात्रा में से 25 प्रतिशत का वितरण किया जा चुका है जोकि राज्य स्तरीय रैंक में 08 वे स्थान पर है। शेष वितरण कार्य भी किया जा रहा है।

जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों से 3 माह (जून, जुलाई एवं अगस्त, 2025) पात्रतानुसार अन्त्योदय परिवार को कुल खाद्यान्न (गेहूँ चावल) 105 कि.ग्राम प्रति परिवार (नि:शुल्क), नमक 3 कि.ग्रा. (सह-शुल्क 3 रूपये) एवं शक्कर 3 कि.ग्रा. (सह-शुल्क 60 रूपये) तथा प्राथमिकता श्रेणी अन्तर्गत खाद्यान (गेहें+चावल) 15 कि.ग्रा. प्रति सदस्य एवं नमक - 3 कि.ग्रा. (सह-शुल्क 3 रूपये) मात्रा में राशन वितरण किया जा रहा है।



**हितग्राहियों से अपील:** परिवार के शेष सदस्यों की ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कराएं। मोबाइल पर प्राप्त स्रूस संदेश के अनुसार राशन सामग्री का मिलान करें। राशन प्राप्त करते समय क्ह्रस मशीन से प्राप्त पावती अवश्य लें। जिन सदस्यों की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं हुई है, उनकी पात्रता ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद ही POS मशीन में प्रदर्शित होगी।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में जिला एवं विकासखंड स्तर पर निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। शासकीय उचित मूल्य दुकानों का सतत निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

### जिले में 89 प्रतिशत हितग्राहियों की ई केवाईसी की जा चुकी है

जिले में कुल 204448 पात्र परिवारों के कुल 825227 हितग्राहियों में से वर्तमान में 730731 सदस्यों की ईकेवायसी पूर्ण की जा चुकी है जो कि 89 प्रतिशत है एवं शेष हितग्राहियों की ईकेवायसी तीन माह के राशन वितरण के साथ ही जा रही है साथ ही मृत एवं विवाहित महिला सदस्यों की आईडी राशन मित्र पोर्टल से विलोपित करने का कार्य किया जा रहा है।

### वनरक्षक से मारपीट का आरोप कहा

## अवैध कटाई की कार्रवाई से बचने के लिए आरोप लगाए

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में डिप्टी रेंजर निलंबित

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में डिप्टी रेंजर विष्णुकांत त्रिपाठी को वनरक्षक से मारपीट और अभद्रता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। एसटीआर के प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर मयंक गुर्जर ने शुक्रवार को उनका सस्पेंशन ऑर्डर जारी किया।

त्रिपाठी देनवा बफर रेंज के देलाखारी में पदस्थ थे। अब उन्हें बागड़ा बफर रेंज ऑफिस में अटैच किया गया है। यह कार्रवाई वनरक्षक प्रवीण रघुवंशी की शिकायत के आधार पर की गई है।

**डिप्टी रेंजर ने वनरक्षक पर लगाए आरोप:** निलंबन आदेश सामने आने के बाद डिप्टी रेंजर विष्णुकांत त्रिपाठी ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने उल्टे वनरक्षक प्रवीण रघुवंशी पर ही गंभीर आरोप लगाए। त्रिपाठी के अनुसार, रघुवंशी की बीट सीताडोंगरी में अवैध कटाई हुई थी।

त्रिपाठी ने कहा कि 4 जून को जब मैं जंगल में गया, तब सांझ, करी और सागौन जैसे पेड़ों के कटे हुए तने सामने मिले। अगले दिन 5 जून को मैं, बीट गार्ड रघुवंशी और ड्राइवर ललित के साथ रेंज में बन रहे रपटा निर्माण को देखने गया। वहां मैंने एक चौकीदार को कुछ निर्देश दिए और रघुवंशी से अवैध कटाई को लेकर सवाल किए। इसी दौरान उसने मुझे धक्का दिया और झूमाझटकी की।

**विभागीय जांच जारी:** एसटीआर प्रबंधन ने इस मामले में फिलहाल डिप्टी रेंजर को निलंबित करते हुए बागड़ा रेंज अटैच किया है। पूरे घटनाक्रम की विभागीय जांच चल रही है। नर्मदापुरम वन मंडल में इससे पहले भी कुछ अधिकारियों के बीच विवाद सामने आते रहे हैं।



### कहा- 50 हजार रुपए उधार दिए थे

डिप्टी रेंजर ने कहा कि उन्होंने रघुवंशी को बाइक खरीदने के लिए 50 हजार रुपए उधार दिए थे। अब वह पैसे नहीं लौटाना चाहता और अवैध कटाई के मामले में बचने के लिए उन पर आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं पंचनामा बनाना चाहता था, लेकिन उसने दो बार रोक दिया और अपने मामा के नाम की धमकी भी दी। बाद में उसने मारपीट की झूठी शिकायत थाने में दी और हाथ में फैक्चर होने की बात कही।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ समापन

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के महत्वाकां सपने को साकार करने की दिशा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर, कृषि विभाग और ह्रष्टक्र के विशेषज्ञों की एक टीम ने नर्मदापुरम विकासखंड के ग्राम पंचायत भिलाखेड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया।

समापन समारोह में राज्य सभा सांसद मती माया नारोलिया, मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जिला पंचायत नर्मदापुरम के सीईओ टी. प्रतीक राव, उपसंचालक कृषि जे.आर. हेड़ाऊ, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. संजीव गर्ग, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर पीयूष शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए किसानों की समस्याओं को समझने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि हम समय के अनुरूप कृषि पद्धतियों में परिवर्तन नहीं करते हैं, तो हमें खेती के क्षेत्र में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने मिश्रित खेती और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला।राज्यसभा सांसद मती माया नारोलिया ने इस विकसित कृषि संकल्प अभियान के उद्देश्यों और कार्यक्रम की प्रगति की चर्चा की।

उन्होंने बताया कि यह अभियान 29 मई से आरंभ होकर 12 जून तक चला, जिसमें सभी कृषि वैज्ञानिक और संबंधित विभाग के अधिकारी लगातार किसानों के पास पहुँचकर उनकी समस्याओं का समाधान और उन्हें नवीनतम तकनीकी जानकारी प्रदान करते रहे। उन्होंने प्राकृतिक खेती को अपनाने और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन के अनुसार आगे बढ़ने की सलाह दी।कार्यक्रम के दौरान उपसंचालक कृषि ने किसानों को रबी में मक्का की खेती के लाभ के बारे में जानकारी दी, जिससे उन्हें फसल विविधीकरण की दिशा में प्रेरित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. संजीव गर्ग ने विभिन्न खरपतवार प्रबंधन तकनीकों और बायो फर्टिलाइजर के उपयोग की विधियों पर विस्तार से जानकारी दी।किसान परिचर्चा में डॉ. ब्रजेश नामदेव ने खेती में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के साथ-साथ नई तकनीकों की जानकारी साझा की। सहायक संचालक कृषि मती अर्चना परते ने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि योजनाओं की जानकारी दी और किसानों को इन योजनाओं से लाभ उठाकर अपनी उत्पादन लागत को कम करने तथा आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।कृषि महाविद्यालय पावरखेड़ा से आए डॉ. दीपक खांडे ने किसानों को खरीफ की तैयारी के संदर्भ में नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों और उन्नत बीजों की जानकारी प्रदान की।

## 16 जून से 15 अगस्त तक मछली के शिकार पर लगेगा प्रतिबंध

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि में मत्स्याखेट को प्रतिबंधित किया है। कलेक्टर के आदेश में बताया है कि मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस अवधि में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं मत्स्य विपणन पूर्णत: प्रतिबंधित है।



मध्यप्रदेश शासन, मछली पालन विभाग के निर्देशानुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उनको छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। आदेश में कहा है कि उपरोक्त प्रावधानों के उल्लंघन की दशा में मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा 5 के अंतर्गत उल्लघंनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास या पांच हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है।

मत्स्य पालकों को सूचित कियाहै कि 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट परिवहन, विपणन प्रतिबंधित रहेगा। व्यक्ति ना तो स्वयं इस प्रकार का कार्य करें और ना ही अन्य किसी व्यक्ति को उक्त कार्य के लिए सहयोग दें।

### स्वच्छता प्रभारी को नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

## नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया सफाई व्यवस्था का बाजार में निरीक्षण, सफाईकर्मी मिले गायब

### जयस्तंभ से फल बाजार तक फल के ठेले भी देखे

इटारसी ■ निसं

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज शहर के प्रमुख बाजारों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से भी बातचीत की और सफाई को लेकर उनके सुझाव और समस्याओं को सुना। शाम 5 बजे के करीब पंकज चौरे ने अपने दल-बल के साथ स्थानीय बाजार का दौरा किया। उन्होंने सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरा प्रबंधन और स्वच्छता की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्हें कोई भी स्वच्छता कर्मी नजर नहीं आया।



निरीक्षण के दौरान, अध्यक्ष चौरे ने कई स्थानों पर सफाई दारोगा को निर्देशित किया कि वे कचरे का उचित निपटान करें और यह सुनिश्चित करें कि कूड़ेदान नियमित रूप से खाली किए जाएं। उन्होंने कुछ जगहों पर गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर पंकज चौरे ने कहा, शहर की स्वच्छता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि हमारे बाजार न केवल व्यापार का केंद्र हों, बल्कि साफ-सुथरे और स्वच्छ भी दिखें। मेरा यह निरीक्षण सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए है।

उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों के बाहर कचरा न फैलाएं और नगर पालिका द्वारा चलाई जा रही कचरा गाड़ी का ही उपयोग करें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर पालिका सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी और इसमें नागरिकों का सहयोग भी अपेक्षित है।

### रजिस्टर देखा, सफाई कर्मचारी गायब

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने सफाई कर्मचारियों का रजिस्टर भी देखा और स्वच्छता प्रभारी से कहा कि एक भी व्यक्ति दोपहर की पाली में नहीं आया, सभी की अनुपस्थिति लगाओ और नोटिस जारी कर दें कि काम पर नहीं आयेंगे तो सेवा समाप्ति की करवाई की जाएगी।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

### करनपुर में हरगोविन्द पुरविया के नेतृत्व में हुआ स्वागत

माखननगर ■ निसं

समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की माँग को लेकर कांग्रेस के बैनर तले निकाली जा रही किसान अधिकार यात्रा में शामिल होने आए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , वरिष्ठ कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल , प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष,पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे , किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे , महासचिव केलू उपाध्याय, पूर्व सचिव यशवंत सिंह राजपूत, जिला सेवादल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह सोलंकी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष बाबू चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का माखन नगर मैं नगर कांग्रेस के नेतृत्व में अनेक कांग्रेसियों ने स्वागत किया गया। सनद रहे कि पुष्पराज पटेल की अगुवाई में आयोजित सोहागपुर आमसभा से लौटते समय उक्त नेताओं का माखननगर मैं स्वागत किया गया । उधर उक्त सभी नेताओं के करनपुर पंहुचने पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव हरगोविन्द पुरविया के नेतृत्व में स्वागत किया गया ।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी.गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी.गोयल। मो.9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007.
डाक पंजीयन - MP/HSD04/2023-2025 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।